दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 285 | जयपुर | मंगलवार, 19 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-एकादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### बीकानेर में चार दिन बाद किसान महापड़ाव की चेतावनी

**कहा- पानी के लिए सड़कों पर आएंगे; कांग्रेस नेता बोले- हम लाठी-फायरिंग से नहीं डरते**

बढ़ता राजस्थान

**बीकानेर ( नि.स. )।** बीकानेर में इंदिरा गांधी नहर से किसानों को सिंचाई के लिए पानी देने की मांग को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट के सामने कांग्रेस नेताओं ने धरना देकर प्रदर्शन किया। इसके बाद कांग्रेस नेता और किसानों ने कलेक्ट्रेट से लेकर संभागीय आयुक्त ऑफिस तक रैली निकाली। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने आश्वासन दिया गया कि 21 अगस्त तक किसानों के हक में फैसला होगा। इसके बाद पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने कहा- यदि 21 तक किसानों के हक में फैसला नहीं आता है तो 22 अगस्त से किसानों का महापड़ाव शुरू होगा। इससे पहले कलेक्ट्रेट के सामने हुए धरना प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश सचिव रामनिवास कूकना ने कहा कि बड़े नेता तो इशारा कर दें, अगर इस सरकार से लड़ना है तो हम लड़ेंगे। सरकार के लाठी और फायरिंग से हम नहीं डरते।

### सोनीपत में बीजेपी अध्यक्ष का वोट चोरी पर पलटवार

**राहुल के बयानों का मजाक उड़ाते हैं लोग; कांग्रेस जीतती है तो मशीनें ठीक**

बढ़ता राजस्थान

**सोनीपत ( एजेंसी )।** हरियाणा बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने सोनीपत बीजेपी कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में चल रहे बदलावों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी बात की, जिनमें राहुल गांधी के वोट चोरी वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया और मनीषा हत्याकांड मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही है। उन्होंने ये भी कहा है कि परिवार को न्याय मिलेगा। मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि बीजेपी का संगठन पर्व चल रहा है, जिसके तहत बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व बदलाव के रूप में मनाया जाता है। पूरे प्रदेश में 20 हजार 600 बूथों पर अध्यक्ष बनाए गए हैं और उनकी कमेटियों का गठन किया गया है। बड़ौली ने हरियाणा में मंडलों की संख्या बढ़कर 377 होने की जानकारी दी और बताया कि सभी मंडल की कार्यकारिणी का भी गठन कर सरल ऐप पर अपलोड किया गया है।

### लोकसभा में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पर विशेष चर्चा

**जितेंद्र सिंह बोले- देश सफल अंतरिक्ष मिशन का जश्न मना रहा है, विपक्ष नारेबाजी कर रहा**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में सोमवार दोपहर 2 बजे भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सफल अंतरिक्ष मिशन पर चर्चा शुरू हुई। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज देश शुभांशु के लौटने पर सफल अंतरिक्ष मिशन का जश्न मना रहा है, लेकिन विपक्ष अभी भी हंगामा कर रहा है और चर्चा को तैयार नहीं है। विपक्ष एस्ट्रोनॉट से नाराज कैसे हो सकता है।

वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकता है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव समेत सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। हालांकि अभी तक कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। लोकसभा और राज्यसभा में सोमवार को भी विपक्ष का बिहार वोटर वेरिफिकेशन को लेकर

### कपूरथला में 20 गांव जलमग्न, पूर्व क्रिकेटर हरभजन-सीचेवाल पहुंचे

**धुस्सी बांध को नुकसान, 35 और गावों पर खतरा, सरकारी अस्पतालों में विशेष वार्ड भी बनाए**

**कपूरथला ( एजेंसी )।** कपूरथला के सुल्तानपुर लोधी में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से धुस्सी बांध को नुकसान पहुंचना शुरू हो गया है। ड्रेनेज विभाग के एसडीओ खुशविंदर सिंह के अनुसार, नदी का जलस्तर बढ़कर 1.16 लाख क्यूसेक तक पहुंच गया है। बांध का लगभग 500 से 600 फीट लंबा हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है, जिससे मंड क्षेत्र के 35 से अधिक गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।




## पीएम मोदी ने शुभांशु को गले लगाया, पीठ थपथपाई

**पूछा- अंतरिक्ष में रहना कितना मुश्किल; एस्ट्रोनॉट ने सफर की पिक्चर दिखाई**

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ( एजेंसी )।** पीएम मोदी ने लखनऊ के एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला से सोमवार शाम दिल्ली में मुलाकात की। पीएम मोदी ने शुभांशु से हाथ मिलाया और गले लगा लिया। पीठ थपथपाते हुए शाबाशी भी दी। शुभांशु ने टैबलेट पर उन्हें अंतरिक्ष के सफर की तस्वीरें दिखाईं। मोदी के साथ शुभांशु की ये मुलाकात करीब 20 मिनट चली। एस्ट्रोनॉट शुभांशु अमेरिका से शनिवार देर रात भारत लौटे। दिल्ली एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और दिल्ली की ष्टरू रेखा गुप्ता ने शुभांशु का स्वागत किया। लखनऊ से शुभांशु से मिलने पिता शंभु दयाल शुक्ला और बहन शुचि मिश्रा भी पहुंची थीं। शुचि मिश्रा ने बताया, पीएम मोदी से मिलने शुभांशु अकेले गए थे। प्रधानमंत्री ने शुभांशु से अंतरिक्ष में बताए 18 दिन के सभी एक्सपीरियंस के बारे में जानकारी ली। अंतरिक्ष में किए गए प्रयोगों के बारे में जाना।

## गुजरात में दो कारें टकराने से 8 लोग जिंदा जले

**सुरेंद्रनगर हाईवे पर हुआ हादसा, मरने वालों में 10 महीने की बच्ची भी शामिल...**

बढ़ता राजस्थान



**सुरेंद्रनगर ( एजेंसी )।** सुरेंद्रनगर जिले के वढवाण-लखतर हाईवे पर रविवार की शाम 2 कारों की टक्कर के बाद आग लग गई, जिसमें 1 बच्ची समेत 8 लोग जिंदा जल गए। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़े गए और वह सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे जा गिरी वढवाण पुलिस ने बताया कि यह हादसा वढवाण-लखतर हाईवे पर डेडादरा गांव के पास हुआ। हाईवे पर दो कारों की आमने-सामने से टक्कर हुई। टक्कर के बाद एक कार सड़क किनारे जा गिरी और उसमें आग लग गई। कार से एक व्यक्ति ही गंभीर हालत में बाहर निकल सका, लेकिन अस्पताल जाते समय उसकी भी मौत हो गई।

## जयपुर में कैफे की आड़ में हुक्का-बार

**नशा करते मिले युवा, कैफे मैनेजर को पुलिस ने किया अरेस्ट**



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में कैफे की आड़ में हुक्का-बार पर श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई की। टेबलों पर युवाओं को फ्लेवर तम्बाकू नशा परोसा जा रहा था। पुलिस ने कैफे मैनेजर को अरेस्ट कर हुक्का-तम्बाकू जब्त किए हैं। पुलिस ने नशा करते मिले 16 युवाओं के चालान काटे। एसएचओ (श्याम नगर) दलबीर सिंह ने बताया- श्याम नगर के निर्माण नगर में कोटक महिन्द्रा बैंक के ऊपर पांचवीं मंजिल पर वैलेसिंया कैफे है। कैफे की आड़ में हुक्का-बार का संचालन होने की मुखबिर से सूचना मिली। पुलिस टीम के कैफे पर दबिश देने पर बड़ी संख्या में युवा नशा करते मिले। पुलिस ने कैफे संचालक तरुण शर्मा (25) को अरेस्ट कर हुक्का-बार में यूज हुक्के, पाइप, फ्लवेर डिब्बों को जब्त किया। हुक्का का सेवन करते मिले 16 युवाओं का चालान भी किया

## नगरीय विकास के प्रोजेक्ट्स को समय पर करें पूरा : मुख्यमंत्री शर्मा

**नियमित मॉनिटरिंग के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य पर हो फोकस**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सुनियोजित विकास को गति देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है जिससे प्रदेश के सुदृढ़ बुनियादी ढांचे को गति मिली है। उन्होंने अधिकारियों को नगरीय विकास से संबंधित प्रोजेक्ट्स को समय से पूरा करने और नियमित मॉनिटरिंग के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य पर फोकस करने के निर्देश दिए जिससे जनता को समय से इनका लाभ मिले। शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि शहरों में बुनियादी नागरिक सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाए। इसी क्रम में उन्होंने अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचना, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं आवास संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।



- **हाउसिंग बोर्ड अपनी योजनाओं का करें व्यापक प्रचार-प्रसार**


मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड अपनी संपत्तियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करते हुए उपभोक्ताओं की जरूरत एवं वर्तमान प्रचलन को ध्यान में रखते हुए कार्य करें ताकि बोर्ड के राजस्व में वृद्धि हो सके। साथ ही, हाउसिंग बोर्ड निजी डेवलपरर्स से प्रतिस्पर्धा करते हुए आमजन को गुणवत्तायुक्त आवास उचित मूल्य में उपलब्ध करवाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाउसिंग बोर्ड अपनी संपत्तियों का प्रभावी प्रचार-प्रसार करे, परियोजनाओं में नवाचार लाए और इनके विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी को भी शामिल करे ताकि आमजन को ज्यादा से ज्यादा इनका लाभ मिल सके।

- **द्रव्यवती नदी का करें सौंदर्यकरण**

शर्मा ने कहा कि जयपुर में द्रव्यवती नदी के दोनों ओर से अतिक्रमण को प्राथमिकता के साथ हटाया जाए, इस क्षेत्र का पर्यटन की दृष्टि से उन्नयन किया जाए ताकि आमजन के साथ ही पर्यटक भी इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि द्रव्यवती नदी पर पौधारोपण के कार्य में भी गति लाई जाए। बैठक में बताया गया कि जयपुर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए आमजन की सुगम आवाजाही के लिए रिद्धि-सिद्धि चौराहे पर एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए कार्यादेश जारी किया जा चुका है।

### शहरी विकास से जुड़े प्रोजेक्टस को चरणबद्ध करें पूरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं जैसे सीवरेज, ड्रेनेज, पार्क, लोक परिवहन हेतु विस्तृत मोबिलिटी प्लान के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना शुरु की जाएगी जिससे प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में जनसंख्या के बढ़ते दबाव का प्रबंधन हो सके। उन्होंने अधिकारियों को इस योजना के क्रियान्वयन के संबंध में नियमित बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न लंबित बजटीय घोषणाओं के एनआईटी, टेण्डर, वर्क ऑर्डर तथा डीपीआर बनाने सहित विभिन्न कार्यों को तय समय में पूरा करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्टस को चरणबद्ध पूरा करें। साथ ही, हर चरण पर अधिकारियों की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जाए।



## मोती डूंगरी गणेश मंदिर में जन्मोत्सव 27 अगस्त को

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर।** जयपुर के प्रसिद्ध प्रथम पूज्य मोती डूंगरी श्री गणेश मंदिर में इस साल गणेश चतुर्थी पर्व भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी, बुधवार 27 अगस्त को मनाया जाएगा। 9 दिन चलने वाले इस उत्सव का शुभारंभ 20 अगस्त को मोदकों की झांकी से होगा। भगवान गणपति को मोदक अर्पित किए जाएंगे, जिनमें 251-251 किलो के दो विशाल मोदक भी होंगे। 21 अगस्त को पुष्य नक्षत्र पर भगवान श्री गणेश का पंचामृत अभिषेक होगा। इस मौके पर 501 महिलाएं कलश यात्रा लेकर मोती डूंगरी पहुंचेगी। इस उत्सव के अगले दिन यानी 22 अगस्त की शाम 7 बजे मंदिर परिसर में ध्रुपद गायन कार्यक्रम होगा। मान्यता है कि भगवान श्री गणेश को ध्रुपद गायन सबसे प्रिय है, जिसके कारण इस दिन भजन संध्या ध्रुपद गायन के साथ शुरू की जाएगी।

## डीएमके सांसद सिवा इंडिया के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार हो सकते हैं

**खड़गे के घर मीटिंग हुई; एनडीए ने तमिलनाडु के ही राधाकृष्णन को कैंडिडेट बनाया था**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** डीएमके के राज्यसभा सांसद तिरुचि सिवा विपक्षी गठबंधन इंडिया के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार हो सकते हैं। कांग्रेस के एक सीनियर लीडर ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी है। दरअसल, बीते दिन एनडीए ने तमिलनाडु के नेता सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया था। ऐसे में कहा जा रहा है कि इंडिया ब्लॉक का सिवा को कैंडिडेट बनाना एक राजनीतिक कदम हो सकता है। इससे मुकाबला तमिलनाडु के दो नेताओं के बीच होगा। इनके अलावा, अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद का भी कैंडिडेट के लिए नाम चल रहा है। इधर, सोमवार को इंडिया ब्लॉक के नेताओं की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिल्ली आवास पर मीटिंग हुई। रिपोर्ट्स के अनुसार, बैठक में उपराष्ट्रपति पद के लिए जॉइंट कैंडिडेट के नाम पर चर्चा हुई। हालांकि नाम का ऐलान नहीं हुआ है।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा की हठधर्मिकता : गौ सेवकों का धरना प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा की हठधर्मिकता सामने आ रही है, जिसमें पालिका प्रशासन द्वारा शहर के वार्डों और बाजारों से संग्रहित कचरे को गोपाल भैया मंदिर के पास डाला जा रहा है। इससे न केवल गौवंश की जान जोखिम में है, बल्कि आसपास निवासरत कॉलोनी वासी भी गंदगी और मच्छरों से परेशान हैं। गौ सेवकों का आरोप है कि गोपाल भैया मंदिर के पास डाले जाने वाले कचरे में अपशिष्ट पदार्थों के खाने से गौवंश अकाल मौत का शिकार हो रही है। साथ ही बरसात के दिनों में यहां एकत्रित कचरा खेतों में फैल रहा है, जिससे किसानों के खेतों में पोलिथिन चली जाने से परेशानी आ रही है। स्थानीय लोगों को मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का भी अंदेशा है। गौ सेवकों ने उक्त समस्या के समाधान को लेकर उपखंड अधिकारी व पालिका प्रशासन समेत उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवाया, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। इससे आक्रोशित गौ सेवकों ने गोपाल भैया मंदिर स्थित पांच दिन पहले धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और स्थाई डम्पिंग यार्ड की मांग को लेकर आंदोलन करने पर आमदा हैं। वहीं आरोप है कि प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह यादव मय जाप्ते के धरना स्थल पहुंचे और धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं करने पर पुलिस थाने में बंद करने की धमकी दे डाली। इससे धरनार्थियों में प्रागपुरा थाना पुलिस के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई है। मामला संज्ञान में आने के बाद मौके पर पहुंची डिप्टी शिप्रा राजावत ने भी धरनार्थियों से बातचीत की और धरना समाप्त करने के लिए समझाइस की लेकीन बात नहीं माने से जाने उन्हें भी बैरंग लौटना पड़ा। महाराज मोहनदास रामायणी का कहना है कि वे स्थानीय लोगों सहित गौ सेवकों के साथ मिलकर इस संदर्भ में प्रागपुरा थाने में मुकदमा दर्ज करवाएंगे, ताकि उक्त समस्याओं का उचित समाधान किया जा सके। अब देखना यह है कि नगरपालिका प्रशासन गौ सेवकों और स्थानीय लोगों की मांगों पर क्या कार्रवाई करता है।

# 30 से 35 लाख रुपए कीमत के वृक्ष संपत्ति को क्या धरती निगंल गई या आसमान खा गया

## क्या... कहीं बेशकीमती लकड़िया, आपसी योजना पर बंदर बांट की भेंट तो नहीं चढ़ गई...

## इस मामले की जानकारी पर अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने चुप्पी साध रखी है, आखिर क्यों ?

बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविंद सिंह सेठी)। यहां 2 वर्ष पहले देवली शहर के जयपुर और कोटा रोड का निर्माण देवली पालिका द्वारा करवाया गया था। उस समय रोड निर्माण दौरान दर्जनों प्रतिबंधित एवं गैर प्रतिबंध हरे वृक्ष काटे गए थे। इस मामले पर इन दिनों यहा चर्चाओं का बाजार गर्म बना हुआ है। चर्चा यह है कि उक्त दौरान काटे गए लगभग 10 दर्जन हरे वृक्षों की लकड़िया आखिर गई कहां,,,क्या हरे वृक्षों की लकड़ियो की नीलामी हुई अगर नहीं। तो फिर लगभग 30 से 35 लाख रुपए कीमत के वृक्ष संपत्ति को क्या धरती निगंल गई या आसमान खा गया। इन सवालों पर इस मामले में पालिका के अधिकारी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। वृक्षों की कटाई से प्राप्त लकडियो को धरती निगल गई या आसमान खा गया? के इस सवाल पर मामला यह है कि 2 साल पहले लाखों रुपए की बेशकीमती हर वृक्षों की लकड़ी कही बंदरबाट की भेंट तो नही चढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि देवली नगर पालिका ने सत्र 2022 23 में 17 करोड़ की लागत पर ढाई , ढाई किलोमीटर के दो रोडो का निर्माण करवाया था इनमें एक रोड तो टोंक जिले नगर पालिका देवली के अधिकार क्षेत्र का है। तो वही दूसरा कोटा रोड जो की अन्य जिले यानी के भीलवाड़ा जिला क्षेत्र का है। ऐसे में उक्त दौरान रोड निर्माण की आड़ में कोटा रोड पर से लगभग पांच दर्जन से अधिक हरे भरे विशाल वृक्षों की कटाई कर दी गई थी। रोड निर्माण के उक्त दौरान देवली पालिका और ठेकेदार ने प्रतिबंध नीम,शीशम, पीपल,आम,गुलमोहर,और भारी भरकम सफेदा के वृक्ष काटे दिये गये थे। इसी प्रकार जयपुर रोड निर्माण दौरान लगभग 4 से 5 दर्जन भारी भरकम हरे भरे वृक्षों की कटाई कर दी गई थी।, ऐसे में सवाल यह उठता है कि रोड निर्माण दौरान जिन हरे वृक्षों की कटाई की गई उन भारी भरकम हरे वृक्षों से प्राप्त बेश कीमती लकड़िया देवली पालिका प्रशासन ने कहां सुरक्षित रखवाई । इसलिए की देवली पालिका परिसर में उक्त रोड निर्माण दौरान काटे गए वृक्षों की लकडीया दिखाई नहीं दे रही है । इस मामले में लोगों ने जानकारी में बताया कि पालिका ने कोटा रोड और जयपुर रोड पर जिन हरे वृक्षों की कटाई करवाई थी । उन वृक्षों से प्राप्त लकडीयों की कीमत लगभग 30 लाख रुपए से भी अधिक होनी चाहिये । इसके अलावा कोटा रोड पर ओम मेटल के बाहर रोड किनारे लगे हुए दर्जनों भारी भरकम सफेदा, के वृक्ष भी सरकारी भूमि से गायब दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या देवली नगर पालिका प्रशासन ने रोड निर्माण दौरान काटे गए हरे भरे वृक्षों से प्राप्त लाखों रुपए कीमत की लकडीयों की नीलामी करवाई है या भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर तहसील कार्यालय से इनकी नीलाम हुई हो। इस मामले में जब पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा से जानकारी चाहिए तो अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने फोन रिसीव करना बंद कर दिया इस पर उनके व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर उक्त मामले की जानकारी चाही गई यह बताते हुए की नगर पालिका प्रशासन के द्वारा अभी हाल ही में 2 वर्ष पहले जयपुर और कोटा रोड का फोरलेन निर्माण करवाया गया था । उक्त दौरान देवली पालिका प्रशासन के ठेकेदार ने,दर्जनों विशालकाय हरे भरे वृक्षों की कटाई कर दी थी। उक्त दौरान काटे गये। दर्जनों वृक्षों से प्राप्त मोटे तने कि लकड़ियों को किस स्थान पर रखवाया गया। या किस कार्य में इस्तेमाल लिया गया। या इनका स्टॉक कहां रखा हुआ है। या इनकी नीलामी कब करवाई गई ,अगर नीलामी हुई तो खरीदार द्वारा जमा कराई गई राशि देवली पालिका किस के मद में जमा हुई है। एवं काटे गए कितने पेड़ों की लकडियो की नीलामी की गई लकडियो की नीलामी से पालिका कोष को कितना धन प्राप्त हुआ। इन सब सवालों के जवाब पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीना से मांगे गए लेकिन सुरेश कुमार मीणा ने इस मामले में अब तक कोई जानकारी नहीं दी और अपने आप में चुप्पी साध ली। इस मामले में अधिकारी के मौन रहने पर जाहिर होता है कि क्या,कहीं ना कहीं लाखों रुपए की बेशकीमती लकडियो को ऊपर के ऊपर बंदर बांट तो नहीं कर लिया गया । ऐसे में यह मामला जांच का विषय बनता है। इसलिए की रोड निर्माण दौरान उक्त समय काटे गए हरे वृक्षों की भारी भरकम लकडिया कहां गायब हो गई या इन लकडियो की कीमत से किस-किस की पूर्ति पूरी हुई यह सवाल आमजन के बीच यहां बना हुआ है।



# अपनी अज्ञानता में हम भूलों को सुधारने के बजाय बढ़ा रहे : विरलप्रभाश्री

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में साध्वी विरलप्रभा श्रीजी ने कहा कि मानव भव अपनी भूलों को सुधारने के लिए मिला है। अपनी अज्ञानता में हम भूलों को सुधारने के बजाय बढ़ा रहे हैं। प्रज्ञावान हैं हम समझदार होते हुए भी नासमझ हैं। अगर धर्म आराधना नही कर पाता तो इंसान और पशु में कोइ फर्क नहीं है। आगे चलकर लड़ाई झगड़ा कभी नहीं करना। पर्युषण यह बताता है कि साल भर किये गए कषायों से मुक्ति पाना है। कर्म बंधन के कहीं 5 तो कहीं 6 कारक बताए गए हैं। जब तक धर्म से लगाव नाही होगा, आत्मा का परिचय नही होगा तब तक मनुष्य अज्ञान ही रहेगा। अब भी धर्म नाही किया मतलब अनंत काल से मिथ्यात्व में ही भटक रहे हैं। इच्छा हुई कि सामायिक करनी है लेकिन नहीं कर पाए। सभी जीवों पर कल्याण करके परमात्मा कहते हैं कि अपना भव सुधार लो। देवता तटस्थ हैं। संवत्सरी के लिए ज्ञानी भगवंत कहते हैं कि एक दिन त्याग करके उपासरे में रहना चाहिए और धर्माराधना करनी चाहिए। आराधना आराध्य का साधन है। शरीर को सब स्वस्थ रखने चाहते हैं आत्मा की ओर कोई देखना नाही चाहता। पशु को कुछ दो तो वह खाने योग्य और अखाद्य को छोड़ देता है। हम पशुवत हो गए हैं। जो अखाद्य है, वह भी खा रहे हैं। साधु कितना भी दुखी हो लेकिन वह धर्म नही छोड़ता। हमारा सबसे पहले धर्म छूटता है। शादी है घर में तो सामायिक नहीं की जबकि काम धर्म ही आता है। सबसे मिलने के लिए समय है लेकिन अगर सन्डे आ गया तो छुट्टी कर ली कि आज टाइम नही है। सह संयोजक दलपत दोशी ने बताया कि पर्वाधिराज पर्युषण की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। श्रावक-श्राविकाएं उपासरे में नियमित रूप से व्याख्यान सुनकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

# हिंडौन सिटी से कल्याण जी की 31वी पदयात्रा रवाना हुई

## भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्री कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में श्री कल्याण जी महाराज की 31वीं पदयात्रा हुई रवाना पदयात्रा को भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना सचिव सतेंद्र चौधरी ने बताया कि श्री कल्याण सेवा समिति हिंडौन सिटी की बैठक समिति के अध्यक्ष विष्णु हलवाई की अध्यक्षता मे सोमवार को सांय 3बजे डिग्गी कल्याण जी की 31वीं पद यात्रा कम्बलवाल बगीची से पद यात्रा रवाना हुई। पदयात्रा का पहला पड़ाव रात्रि रायपुर होगा दूसरे दिन का पड़ाव बिनेगा में होगा। रात्रि पड़ाव देवनारायण मंदिर मे होगा तीसरे दिन का पड़ाव डाबर में होगा रात्रि पड़ाव बगड़ी बंधा मे होगा चौथे दिन का पड़ाव नैनवाडी पर होगा। रात्रि पड़ाव मे होगा पांचवे दिन का पड़ाव निवाई मंडी समिति मे होगा। रात्रि पड़ाव बगड़ी मे होगा छठे दिन का पड़ाव कल्याणपुरा में होगा। रात्रि पड़ाव लावा मे होगा सातवें दिन डिग्गी जी पहुचने पर 24 अगस्त रविवार को सुबह 10 बजे ध्वजा यात्रा निकलेगी और 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन गंगापुर बालों की धर्मशाला डिग्गी जी किया जायेगा कमेटी की सदस्य चेतन गर्ग, विष्णु मंगल, शिववी पटवा, सत्ते जाट, मुकेश बंसल, नेमी लहस, वीरेन्द वर्मा, अन्नी चौबे सहित मौजूद रहे ।

# खेरोदा जैन मित्र मंडल सोसायटी के चुनाव सम्पन्न

## लगातार सातवीं बार बाबूलाल कोठारी अध्यक्ष, तीसरी बार सुरेश बड़ाला सचिव बनें

बढ़ता राजस्थान





**उदयपुर ( नि.स. )।** प्रवासी खेरोदा जैन समाज का संगठन खेरोदा जैन मित्र मंडल सोसाइटी का सातवां स्थापना वर्ष एवम् स्नेहमिलन समारोह श्रीजीगढ़ रिसॉर्ट में आयोजित किया गया। जिसमें जसमें 250 सदस्य परिवारों ने भाग लिया।' इस अवसर पर मण्डल के हुए चुनाव में सर्वसम्मति से बाबूलाल कोठारी को लगातार सातवीं बार अध्यक्ष एवं तीसरी बार सुरेश बडाला को सचिव चुना गया। मंडल अध्यक्ष ने विगत वर्षो का आय-व्यय का लेखा प्रस्तुत किया। दिनभर के कार्यक्रम में खेलकूद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कविता, संगीत आदि सुनील कोठारी, अंकिता, योगीता आदि के निर्देशन में सम्पन्न हुए। इस अवसर पर वृद्धजन,तपस्वी एवं प्रतिभावान छात्रों को मुख्य संरक्षक एडवोकेट पन्नालाल मारू ने सम्मानित किया। सचिव सुरेश बडाला ने अगले वर्ष के लिए कार्यक्रमों की जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पी. एल. कोठारी ने की। मुख्य अतिथि बसंतीलाल कूकड़ा एवं विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश मारू थे।

कार्यक्रम का संचालन दीपक कूकड़ा ने किया। इस अवसर पर गजेन्द्र कोठारी,सुरेश मेहता, महावीर मेहता, कुलदीप पोखरना, रजत मेहता, शोभित बोकड़िया, रंजीत बडाला आदि ने अपने विचार रखें। धन्यवाद की रस्म उपाध्यक्ष विजय बडाला ने अदा की। अंत में सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# सोजतिया ज्वेलरी फेस्ट आज रेडिसन ब्लू में, जड़ाव-पोलकी का रहेगा नायाब कलेक्शन आकर्षण का केंद्र

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** सोजतिया ज्वेलर्स पर चल रहा सोजतिया ज्वेलरी फेस्ट मंगलवार को विशेष रूप से होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित किया जा रहा है। डॉ. महेंद्र सोजतिया ने बताया कि इस फेस्ट को ग्राहकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। रेडिसन ब्लू में जड़ाव पोलकी ज्वेलरी का नायाब कलेक्शन मंगलवार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक ग्राहकों के लिए प्रदर्शित किया गया है, जहाँ वे इसे देख और खरीद सकते हैं। इसके साथ ही ओपन पोलकी का भी यूनिक कलेक्शन इस अवसर पर प्रस्तुत किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस ज्वेलरी फेस्ट में पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। ग्राहक विशेष रूप से कम वजन में अधिक फैलावट वाली सोजतिया की ज्वेलरी को पसंद कर रहे हैं और हाथों-हाथ खरीद रहे हैं। वहीं, जिन परिवारों में नवंबर माह में शादियाँ हैं, वे इस ज्वेलरी को कस्टमाइज करवा रहे हैं।

डॉ.ध्रुव सोजतिया ने जानकारी दी कि सोजतिया ज्वेलर्स पर चल रहा विशेष ऑफर के तहत खरीदे गए सोने के वजन की ज्वेलरी के बराबर शुद्ध चाँदी के सिक्के मुफ़्त मैं रेडिसन ब्लू के इस फेस्ट में भी दिए जा रहे हैं।

# घुमरिया परिवार शिक्षा भवन का कराएगा निर्माण

## संजना देवी की स्मृति में निर्मित भवन का लोकार्पण समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं ( नि.स. )।** झुंझुनूं आदिवासी मीणा समाज छात्रावास में प्रतिभाओं का सम्मान एवं भामाशाह अनूप सिंह मीणा व आईएएस अधिकारी विनीत कुमार मीणा के परिवार द्वारा स्वर्गीय संजना देवी की स्मृति में निर्मित आलीशान भवन का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व आईईएस एवं प्रथम आदिवासी यूनिवर्सिटी अमरकंटक के पूर्व कुलपति सांवरमल झरवाल ने की।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व आईआरएस, वरिष्ठ समाजसेवी एवं आदिवासी विकास परिषद राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष केसी घुमरिया ने की। समारोह में समाज के सैकड़ों अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान जिले के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का जिला अध्यक्ष मनोज घुमरिया व अन्य अतिथियों ने शील्ड व सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया। वहीं अनूप सिंह मीणा ने अपनी स्वर्गीय पत्नी संजना देवी का स्मरण करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसी के साथ परिवार को शिक्षित एवं विकसित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका बताई। पुत्र विनीत कुमार व रिश्तेदारों ने भी इस बात की प्रशंसा की। इस बीच मनोज घुमरिया ने घुमरिया परिवार की ओर से नया निर्माण करने की घोषणा की। वहीं केसी घुमरिया ने उपस्थितजनों से अपने बालक-बालिकाओं को उच्च शिक्षा दिलाने का आह्वान किया।

# सीबीएसई कबड्डी क्लस्टर में मुख्य अतिथि बने कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

## द बोहराज ग्लोबल स्कूल को आयोजन की सफलता पर दी बधाई, विद्यालय में वृक्षारोपण की प्रेरणा भी दी



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/महवा( अंशु गुप्ता )।** राजस्थान के कैबिनेट खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ जयपुर में आयोजित सीबीएसई कबड्डी क्लस्टर टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर उन्होंने द बोहराज ग्लोबल स्कूल के निदेशक विनय बोहरा से मुलाकात की और विद्यालय द्वारा टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर स्कूल प्रबंधन और पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी।

खेल मंत्री राठौड़ ने कहा कि राजस्थान को गौरवान्वित करने वाले ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाते हैं और राज्य की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करते हैं। द बोहराज ग्लोबल स्कूल ने इस आयोजन को व्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस दौरान कर्नल राठौड़ ने निदेशक विनय बोहरा को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए उनके शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में योगदान की सराहना की तथा उन्हें विद्यालय में वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।

निदेशक विनय बोहरा एवं सह निदेशक विकास बोहरा ने खेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा, खेल और चरित्र निर्माण के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करता रहेगा।

कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया, जिसमें निदेशक मंडल के साथ छात्र-छात्राएँ, प्रिंसिपल अवधेश अवस्थी, ओ.पी. राजेश, कॉर्डिनेटर पुनीत व श्वेता राणा, पीटीआई सुरेंद्र और अकाउंट ऑफिसर भूपेंद्र ने भाग लिया।

## शीतलदास वाली में विशाल भंडारे का आयोजन

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ता है आपसी प्रेम व भाईचारा - विजय स्वामी

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** निकटवर्ती ग्राम भूरीभड़ाज स्थित ढाणी शीतलदास वाली में ग्रामीणों के सामूहिक जन सहयोग से राम दरबार, हीरामल बाबा, दुर्गा माता के मंदिर में सोमवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने भगवान के दिव्य महाप्रसाद को ग्रहण किया और भगवान का विशेष दिव्य श्रृंगार की झांकी के दर्शन किए। पुजारी धोलदास और ताराचंद महाराज ने बताया कि हर वर्ष गांव के भक्तों द्वारा भगवान राम दरबार, हीरामल बाबा, दुर्गा माता के विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाता है और भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाता है। महावीर माहसी एंड पार्टी के महावीर माहसी व उनके गुरु छोटेलाल शास्त्री ने एक से बढ़कर एक भजन पेश कर कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। आसपास सहित दूर दराज के श्रद्धालुओं ने मंदिर में धोक लगाकर सुख समृद्धि की कामनाएं की और भगवान की दिव्य राजभोग आरती के बाद भण्डारे में प्रसादी ली। मंदिर कमेटी सहित ग्रामीणों ने साफा व माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। समाज सेवी विजय स्वामी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ता है और युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा भी निखरती है। इस दौरान कमेटी संयोजक दौलत स्वामी, हवलदार उमराव यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरिद्वारी लाल स्वामी, मदन लाल स्वामी, अमीचंद, मखन लाल, ताराचंद स्वामी, राजू स्वामी, ओमप्रकाश स्वामी, राजकुमार सैनी, पूरण मल स्वामी, मंगल स्वामी समेत अनेक श्रद्धालू मौजूद रहे।

# प्रागपुरा में 26वां विशाल भंडारा और जागरण शनिवार को

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजमार्ग संख्या 48 स्थित प्रागपुरा कस्बे के हनुमान जी और रोगनाश्वर महादेव मंदिर में आगामी 23 अगस्त को 26वां विशाल भंडारा और रामायण पाठ का आयोजन होने जा रहा है। कृपाल दास बगीची में आयोजित सोमवार को एक बैठक में समिति सदस्यों ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय की और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी। मंदिर पुजारी सुनील स्वामी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी ग्रामीणों के जन सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इसके अलावा, शुक्रवार को प्रातः 9.15 बजे से रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में गायक कलाकार महावीर महासी एंड पार्टी द्वारा श्रद्धालुओं का मनोरंजन किया जाएगा। समिति सदस्य जेपी दातरता ने बताया कि ग्रामीणों के जन सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में रामायण पाठ और विशाल भंडारे के आयोजन से क्षेत्र में भक्ति और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

# 19 साल पुरानी स्कूल बस से बच्चों का परिवहन आरसी सस्पेंड, फिटनेस-इंश्योरेंस खत्म, फिर भी विभाग मौन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिले में बच्चों की जान के साथ बड़े पैमाने पर खिलवाड़ किया जा रहा है। कोटपूतली–बहरोड़ क्षेत्र के एक निजी स्कूल की 19 साल पुरानी बस रोज़ाना दर्जनों बच्चों को स्कूल से घर और घर से स्कूल लाने–ले जाने का काम कर रही है। पहली नज़र में यह आम बस दिखती है, लेकिन इसकी हकीकत चौंकाने वाली है।

जानकारी के मुताबिक इस बस का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट पहले ही सस्पेंड हो चुका है। इतना ही नहीं, इसका फिटनेस सर्टिफिकेट 2021 में खत्म, टैक्स 2022 में समाप्त, PUCC 2022 में खत्म और इंश्योरेंस 2023 में ही एक्सपायर हो चुका है। यानी यह बस न केवल कानून की नज़र में अवैध है बल्कि तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर भी पूरी तरह असफल है।

## बच्चों की सुरक्षा से बड़ा खिलवाड़

स्कूल प्रशासन इस बस को वर्षों से लगातार सड़कों पर दौड़ा रहा है। न तो बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखा गया और न ही सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का पालन। चौंकाने वाली बात यह है कि यह बस पिछले कई वर्षों से बिना फिटनेस, बिना टैक्स और बिना इंश्योरेंस के चल रही है। सड़क पर किसी भी हादसे की स्थिति में न तो बीमा कंपनी कोई मदद करेगी और न ही इस पर कानूनी जिम्मेदारी तय हो पाएगी। बच्चों के अभिभावक लगातार चिंता जाहिर कर रहे हैं। उनका कहना है कि रोज़ाना उनके मासूम बच्चों की जान खतरे में डाली जा रही है। स्कूल प्रबंधन फीस तो समय पर वसूल करता है, लेकिन बच्चों की सुरक्षित यात्रा के लिए नई और सुरक्षित गाड़ियों का इंतज़ाम करने में पूरी तरह नाकाम रहा है।




### किसी बड़े हादसे का इंतज़ार?

कोटपूतली और आसपास के इलाकों में पहले भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें स्कूली वाहन शामिल रहे हैं। ऐसे में इस तरह की खटारा बस का सड़क पर दौड़ना किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता देने जैसा है। अभिभावक सवाल उठा रहे हैं कि आखिर विभाग कार्रवाई क्यों नहीं करता? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा?

### विशेषज्ञों की राय

परिवहन मामलों के जानकारों का कहना है कि बिना फिटनेस और बीमा के चलने वाली बस सड़क पर चलती फिरती मौत के समान है। हादसा होने पर सबसे बड़ा नुकसान बच्चों और उनके परिवारों को भुगतना पड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्कूल प्रबंधन के खिलाफ तुरंत मामला दर्ज कर बस को जब्त किया जाना चाहिए।

## विभागीय लापरवाही पर उठे सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि परिवहन विभाग अब तक चुप क्यों है? सामान्य नागरिक अगर बिना फिटनेस या बिना टैक्स वाले वाहन को सड़क पर चलाए तो तुरंत चालान और जुर्माना वसूला जाता है। मगर बच्चों से जुड़ा इतना गंभीर मामला होने के बावजूद विभागीय अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि परिवहन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के बिना यह संभव ही नहीं कि इतनी पुरानी, बगैर कागजात और बगैर फिटनेस वाली बस खुलेआम बच्चों को ढोती रहे। लोगों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की चुप्पी से साफ है कि या तो मामला पूरी तरह लापरवाही का है या फिर इसमें सांठगांठ है।

# जयपुर की बेटी मोनिका गुप्ता ने रचा अनोखा सफ़र

- 64 देशों और 6 महाद्वीपों की यात्रा करने वाली सबसे कम उम्र की राजस्थानी बेटी
- देशभर में घूमने का उद्देश्य राजस्थान की संस्कृति और पर्यटन को दुनिया तक पहुंचाना

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** दुनिया को अपने कदमों से नापने वाली मोनिका गुप्ता ने राजस्थान का नाम रोशन किया है। जिन्होंने मात्र कम उम्र में 64 देशों और 6 महाद्वीपों की यात्रा कर उन्होंने राजस्थान की सबसे कम उम्र की विश्व यात्रा लड़की का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। महज़ आठ साल की उम्र से सफ़र शुरू करने वाली मोनिका को यह हिम्मत और आज़ादी उनके पिता सुरेश गुप्ता से मिली। उनके पिता सुरेश गुप्ता ने हमेशा उन्हें आज़ादी और हिम्मत दी कि वे अकेले दुनिया देख सकें। आज मोनिका एक ट्रैवल जर्नलिस्ट और कंटेंट क्रिएटर के रूप में जानी जाती हैं। इसके चलते उन्हें इंफ्लुएंसर बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें जयेश भट्ट (चीफ एडिटर, इंफ्लुएंसर बुक ऑफ रिकॉर्ड्स एवं संस्थापक, ब्रेन स्कूल) और सुनीता अनूप कोठारी (सेलिब्रिटी ज्योतिषाचार्य) की ओर से दिया गया। मोनिका गुप्ता का कहना है कि 64 देशों और 6 महाद्वीपों की यात्रा कर उन्होंने राजस्थान की संस्कृति और पर्यटन को दुनिया तक पहुँचाया है। मोनिका गुप्ता की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा है कि हिम्मत और जुनून से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है।

जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# सम्पर्क पोर्टल और फ्लैगशिप योजनाओं पर रहा फोकस

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )** । कोटपूतली के जिला कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में एक साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बजट घोषणाओं, फ्लैगशिप योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना था।

## बैठक के मुख्य बिंदु

**फ्लैगशिप योजनाएं-** एडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति पर नियमित रूप से नज़र रखें। उन्होंने जोर देकर कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द मिलना चाहिए।

## स्वच्छता और अन्य योजनाएं

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन, स्वनिधि योजना, और राइजिंग राजस्थान जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं पर भी चर्चा हुई। एडीएम ने नगर निकायों को निर्देश दिया कि कचरा संग्रहण का काम ठीक से और तय मानकों के अनुसार किया जाए।

## जनसुनवाई और सम्पर्क पोर्टल

एडीएम ने सम्पर्क पोर्टल, रात्रि चौपाल और जनसुनवाई के लंबित मामलों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि सभी जनसमस्याओं का समाधान तय समय सीमा के भीतर और संतोषजनक तरीके से किया जाए।बैठक में सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, अधीक्षण अभियंता (पीएचईडी) रामनिवास यादव, पीडब्ल्यूडी रामावतार कुमावत, विद्युत निगम मनोज गुप्ता और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# वंतारा ने वन्यजीव चिकित्सा पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे देशभर के 54 पशु चिकित्सक



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/जामनगर ( गुजरात )।** अनंत अंबानी द्वारा स्थापित वन्यजीव बचाव एवं संरक्षण केंद्र 'वंतारा' ने सोमवार को अपने जामनगर परिसर में 'इंट्रोडक्शन टू कनज़र्वेशन मेडिसिन' विषय पर पशु चिकित्सा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में सेंट्रल जू अथॉरिटी के सदस्य सचिव डॉ. वी. क्लेमेंट बेन, उत्तराखंड सरकार के पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक दिग्विजय सिंह खाती, वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के पूर्व वरिष्ठ प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. प्रदीप के. मलिक और ग्रीन्स जूलॉजिकल बचाव एवं पुनर्वास केंद्र के निदेशक डॉ. ब्रिज किशोर गुप्ता उपस्थित रहे।

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के चिड़ियाघरों और वन्यजीव देखभाल संस्थानों के 54 पशु चिकित्सक भाग लेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। प्रतिभागी वंतारा के विशेषज्ञों एवं राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा संचालित सत्रों और प्रशिक्षण के माध्यम से वन्यजीव स्वास्थ्य प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया, रोग निगरानी, निदान तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल की विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वंतारा के वाइल्डलाइफ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, चीता संरक्षण केंद्र, हाथी देखभाल केंद्र एवं शाकाहारी पशु बचाव केंद्र में फील्ड अनुभव प्रदान किया जाएगा। हीलिंग द वाइल्ड पहल के तहत आयोजित यह प्रशिक्षण दीर्घकालिक वन्यजीव संरक्षण को सशक्त बनाने की दिशा में कदम है। 20 अगस्त को सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

## सम्पादकीय

# चुनौतियां और संकल्प

15 अगस्त पर लाल किले से प्रधानमंत्री का राष्ट्र के लिये संबोधन महज एक औपचारिकता नहीं होता, बल्कि समकालीन राष्ट्रीय चुनौतियों व अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर सरकार की रीति-नीति का परिचय होता है। आने वाले समय की योजनाओं का खाका और राष्ट्रीय संकल्पों की बानगी होता है। देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन निस्संदेह, इन्हीं रीति-नीतियों का विस्तार था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा थोपे गए टैरिफ के बीच स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पर बल दिया। साथ ही यह भी दोहराया कि विश्व में पहुंच बनाने के लिये हमारी प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की होनी चाहिए। उन्होंने रक्षा उत्पाद निर्माण को वरीयता देने की जरूरत बतायी। उन्होंने कहा कि साल के अंत तक पहली मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप आ जाएगी। निश्चय ही यह कामयाबी हमारी तकनीकी व सुरक्षा जरूरतों के लिये महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने क्रिटिकल मिनरल्स के उत्पादन पर भी जोर दिया, जो रक्षा उत्पादों में बड़ी भूमिका निभाते हैं। पं. नेहरू के बाद लगातार बारहवीं बार लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करने वाले मोदी का यह संबोधन अब तक का सबसे लंबा अवधि वाला था। लेकिन समकालीन चुनौतियों के मद्देनजर यह तार्किक था। उन्होंने उर्वरकों, परमाणु ऊर्जा, जीएसटी, अर्थव्यवस्था के लिये रिफोर्म टास्क फोर्स के गठन, अंतरिक्ष अभियान जैसे तमाम मुद्दों को संबोधित किया। निश्चित रूप से आत्मनिर्भरता के प्रयासों से जहां हम अपने आर्थिक लक्ष्य पा सकते हैं, वहीं हम अपनी संप्रभुता की रक्षा भी कर सकने में सक्षम हो सकेंगे। निश्चित रूप से वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के परिदृश्य के बीच भारत को अपने सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाने के लिये उत्पादन क्षेत्र में आशातीत वृद्धि करनी होगी। तभी हम चीन के साथ लगातार बढ़ते व्यापार असंतुलन को दूर कर पाने में किसी



हद तक सफल हो सकते हैं। फिर हम वैश्विक आपूर्ति शृंखला में अपनी भूमिका बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के लिये चुनौती बनती घुसपैठ की समस्या को भी संबोधित किया और उच्च शक्ति वाला डेमोग्राफी मिशन चलाने की बात कही। दरअसल, आज घुसपैठ जनसांख्यिकीय बदलाव की स्थिति तक पहुंच गई है। देश में अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ डेढ़ करोड़ बतायी जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जिक्र करके देश को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। आने वाले दशक में उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों के मुकाबले को उन्होंने 'सुदर्शन चक्र' नामक राष्ट्रीय सुरक्षा कवच तैयार करने की बात कही। जिसमें रक्षा उत्पादों का आधुनिकीकरण भी शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि बाह्य दबाव अस्वीकार करके किसानों, पशुपालकों व मछुआरों के हितों की रक्षा की जाएगी। उनका मानना था कि हम इतने मजबूत बनें कि चुनौतियां हमारी सफलता का मार्ग तय करें। कुल मिलाकर उन्होंने देश के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को संबोधित करते हुए समाधान की राह का विस्तार से जिक्र किया।

विश्वास किया जाना चाहिए कि देश के आंतरिक मोर्चे पर उन्होंने किसानों के संरक्षण व प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के मुद्दे पर जो कहा, उसे यथाशीघ्र हकीकत बनाया जाएगा।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 19 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मैक्सिमिलियन 1493 में प्रथम ऑस्ट्रिया का राजकुमार बना।
- फ्रांसीसी राजा हेनरी चतुर्थ ने 1591 में उत्तरी फ्रांस के शहर रोएन पर कब्जा किया।
- मुगल बादशाह अकबर ने 1600 में अहमदनगर पर विजय हासिल की।
- स्जालंकमेन के युद्ध में 1691 को ऑस्ट्रिया ने तुर्कों को पराजित किया।
- छत्रपति शिवाजी महाराज 1666 को आगरा से फलों की टोकरी में छिपकर औरंगजेब की कैद से फरार।
- ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा पहला एक रुपये का सिक्का 1757 में ढाला गया।
- स्पेन और फ्रांस ने 1796 में ब्रिटेन गठबंधन के खिलाफ हस्ताक्षर किये।
- अमेरिका के युद्धपोत ने 1812 में ब्रिटेन के युद्धपोत गर्रियर को हराया।
- फोटो तत्व की खोज को लेकर रिपोर्ट पेश होने पर 1839 में विश्व फोटोग्राफी दिवस की शुरुआत हुई।
- जापान के साथ युद्ध में पराजय के पश्चात चीन ने 1895 में शीमोनोस्की समझौते के अनुसार ताइवान नामक द्वीप जापान के हवाले कर दिया।
- लंदन में 1897 को पहली इलेक्ट्रिक टैक्सी का परिचालन किया गया।
- नीदरलैंड में 1915 को राशन कानून प्रभावी हुआ।
- अफ़ग़ानिस्तान ने 1919 में ब्रिटेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- गुरुवर रवींद्र नाथ टैगोर ने 1939 को कलकत्ता में सुभाष चंद्र बोस महाजती सदन का शिलान्यास किया.
- भारत से जापान की अंतिम सैन्य टुकडी को 1944 में खदेडा गया।
- भुवनेश्वर 1949 में ओडिशा की राजधानी बनी।
- अमेरिका ने 1955 में साइकिल पर आयात शुल्को 50 फीदसी बढाया
- स्पूतनिक 5 अंतरिक्ष यान से 1960 को दो कुत्तें और तीन चूहे अंतरिक्ष में भेजे गए। बाद में यह पांचों जीवित पाए गए।
- संचार उपग्रह सिनकोम 3 का प्रक्षेपण 1964 में हुआ।
- तुर्की में 1966 को भूकंप की वजह से तकरीबन 2400 लोग मरे।
- दक्षिण अफ्रीका में 1970 को चीनी समुदाय के लोगों को श्वेत का दर्जा मिला।
- फ्रांस ने 1973 में परमाणु परीक्षण किया।
- सोवियत संघ ने 1977 में सेरी सागान में परमाणु परीक्षण किया।
- ईरान के सिनेमा घर में 1978 को आग लगने से 422 की मौत।
- सूडान एवं अफ़ग़ानिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1998 को मिसाइलों से हमला किया।
- भारत की परमाणु नीति मसौदे पर नाराज़ जी-8 ने 1999 में सभी तरह की मदद पर रोक लगाने की घोषणा की।
- हिना जलाली 2000 में विश्व की पहली मानवाधिकार संरक्षक प्रतिनिधि नियुक्त।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2003 में पाकिस्तान को 5 साल में 11 करोड़ 57 लाख डालर का अनुदान देने का निर्णय लिया।
- दुनिया की सबसे बड़ी इंटरनेट कंपनी त्रश्शद्द्यद्ग ने 2004 में आज ही के दिन अपने शेयर बाजार में उतारे थे।

## विशेष आलेख

# राष्ट्र को आगे ले जाता नेतृत्वः उपराष्ट्रपति पद के लिए सी.पी. राधाकृष्णन - अच्छे शासन की नई आशा

**देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि श्री राधाकृष्णन का चयन ऐसे समय में हुआ है, जब देश को मजबूत, ईमानदार और दूरदृष्टि रखने वाले नेतृत्व की आवश्यकता है। उनकी निष्पक्षता, अनुभव और सामाजिक संवेदनशीलता उपराष्ट्रपति पद की गरिमा को और बढ़ाएगी तथा लोकतंत्र को नई दिशा देगी।**



डॉ नयन प्रकाश गांधी

**शुरुआती जीवनः** 1957 में जन्म, युवावस्था में आरएसएस से जुड़ाव तथा 1974 में जनसंघ राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य बनना।

**राजनीतिक भूमिकाः** 1996 में भाजपा राज्य सचिव, 1998-99 में दो बार लोकसभा सदस्य बने। 2004 में पहली बार भाजपा तमिलनाडु अध्यक्ष बने और सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर यत्राएं कीं।

**प्रशासनिक नेतृत्वः** 2016-2020 में कोयर बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि। 2020-2022 में केरल भाजपा प्रभारी बने।

**राज्यपाल पदः** 2023 में झारखंड के राज्यपाल, तत्पश्चात तेलंगाना और पुडुचेरी का अतिरिक्त प्रभार। जुलाई 2024 में महाराष्ट्र के राज्यपाल नियुक्त हुए।

**वर्तमानः** अगस्त 2025 में उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार।

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में उच्च संवैधानिक पदों पर अनुभवी, दूरदृष्टि और निष्पक्ष नेताओं का चयन हमेशा देश के भविष्य को दिशा देने वाला रहा है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए नामित करना न सिर्फ एक रणनीतिक फैसला है, बल्कि सुशासन, संवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती की ओर भी एक स्पष्ट संदेश है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि श्री राधाकृष्णन का चयन ऐसे समय में हुआ है, जब देश को मजबूत, ईमानदार और दूरदृष्टि रखने वाले नेतृत्व की आवश्यकता है। उनकी निष्पक्षता, अनुभव और सामाजिक संवेदनशीलता उपराष्ट्रपति पद की गरिमा को और बढ़ाएगी तथा लोकतंत्र को नई दिशा देगी। अनुभवी राजनीतिज्ञ और जनसेवा में दीर्घ अनुभव के धनी राधाकृष्णन इस भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ नियुक्तियों में से एक माने जा रहे हैं।श्री राधाकृष्णन का सार्वजनिक जीवन चार दशकों से अधिक रहा है। उनका राजनीतिक और प्रशासनिक सफर तमिलनाडु स्थित छोटे कस्बों से शुरू होकर संसद और राज्यपाल जैसे बड़े पदों तक पहुंचा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के तौर पर शुरू हुआ उनका जीवन भाजपा में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने तक पहुंचा। वे भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के तौर पर तमिलनाडु विधानसभा में, राज्यसभा में, दो बार लोकसभा सांसद के तौर पर तथा झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य कर चुके हैं।राधाकृष्णन का पिछला कार्यकाल बताता है कि उनका जीवन राष्ट्र सेवा, राजनीति, प्रशासन और समाज सुधार के हर क्षेत्र में गतिशील और प्रेरणादायक रहा है।राज्यपाल के तौर पर उनके अनुभव ने उन्हें प्रशासनिक संयम और संवैधानिक नियमों की गहरी समझ दी। तमिलनाडु और झारखंड जैसे विविध राज्यों में उनकी सेवाएँ, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पहलुओं की समझ को गहरा बनाती हैं। उनका जीवन हमेशा सार्वजनिक कल्याण, समाज के पिछड़े और वंचित तबकों का उत्थान, और पारदर्शी शासन की मिसाल रहा है। इसी के चलते एनडीए ने उन्हें उपराष्ट्रपति पद के लिए चुना।तमिलनाडु से एक प्रमुख राजनेता का उपराष्ट्रपति पद के लिए चयन करना भाजपा की दक्षिण भारत में प्रभाव बढ़ाने की रणनीति का भी संकेत देता है। यह कदम न केवल राष्ट्रीय समावेशिता को मजबूती देगा, बल्कि संसद में क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व का संतुलन भी सुनिश्चित करेगा। राधाकृष्णन का सौम्य व्यवहार और विविध अनुभव संसद के दोनों सदनों में संवाद को मजबूत करेगा।सत्तारूढ़ गठबंधन ने अपने इस नामांकन द्वारा स्पष्ट किया है कि वे ऐसे अनुभवी और निष्पक्ष व्यक्ति को ऊँचे पदों पर लाने के पक्षधर हैं जो संसद के संचालन की गरिमा को बनाए रखें और संवैधानिक मूल्यों को आगे बढ़ाएं। प्रधानमंत्री ने भी श्री राधाकृष्णन के चयन का स्वागत करते हुए उनके अनुभव, प्रवृति और समर्पण की सराहना की।राधाकृष्णन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता उनकी पारदर्शिता, सौहार्द्र और प्रशासनिक दक्षता है। वे कई जटिल संवैधानिक मामलों को बिना किसी पक्षपात के समझने और सुलझाने में सक्षम हैं। उपराष्ट्रपति के रूप में उनकी जिम्मेदारी राज्यसभा के सभापति की भी होती है, जिसमें सदन की गरिमा बनाए रखना, गुणवत्तापूर्ण बहस को बढ़ावा देना, सदस्यों के बीच संवाद को प्रोत्साहित करना तथा संसद की गतिविधियों को निष्पक्ष तरीके से संचालित करना शामिल है।पिछले वर्षों में देखा गया है कि संसद का ऊपरी सदन नीतिगत चर्चाओं, कानून निर्माण और राष्ट्रीय दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में श्री राधाकृष्णन का कार्यकाल इन महत्वपूर्ण पहलुओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को निरंतर नई ऊँचाइयों तक ले जा सकता है।श्री राधाकृष्णन के नेतृत्व में संसद में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता का स्तर बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। उनकी गहन प्रशासनिक समझ और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रति संवेदनशीलता संसद की कार्यवाही को और अधिक जनोन्मुखी बनाएगी। वे अपनी दक्षता और प्रारूपिक दृष्टिकोण के चलते राज्यसभा के संचालन में नई राह दिखा सकते हैं।उनकी व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक यात्रा ने उन्हें न केवल कानून व्यवस्था और संवैधानिक दिशानिर्देशों में निपुण बनाया है, बल्कि वे समाज की विविध समस्याओं के प्रति भी अत्यंत संवेदनशील रहे हैं। चाहे गर्वनर के तौर पर राज्य में कानून व्यवस्था की चुनौती हो या संसद में जटिल विधायी विकल्प, वे हर स्थिति में संतुलित और सकारात्मक समाधान खोजने की कोशिश करते हैं।देश के विभिन्न हिस्सों की विशेषताएँ, समस्याएँ और प्रतिबद्धताएँ अलग-अलग होती हैं। ऐसे में दक्षिण भारत से उपराष्ट्रपति के तौर पर राधाकृष्णन का चयन भारत की अखंडता और सांस्कृतिक विविधता को सम्मान देने वाला कदम है।

# कार्यस्थल पर मर्यादा ही असली शिक्षा....

**शिक्षण संस्थान ज्ञान देने के साथ-साथ आदर्श आचरण के केंद्र भी होते हैं। लेकिन जब यहां कार्यरत महिला शिक्षिकाएं असुरक्षा, अशोभनीय व्यवहार और अनुचित दबाव का सामना करती हैं, तो यह केवल एक व्यक्ति नहीं, पूरे माहौल की गरिमा को चोट पहुंचाता है।**



-डॉ. प्रियंका सौरभ

महिला सुरक्षा के लिए केवल कानून होना पर्याप्त नहीं, बल्कि संस्थानों में सख़्त नियम और रोकथाम के उपाय जरूरी हैं। महिला स्टाफ रूम और शौचालय अलग हों, परिसर में हर जगह सक्रिय कैमरे लगें, खाली पीरियड में महिला और पुरुष शिक्षक अपने-अपने स्टाफ रूम में ही रहें, और एकांत में अनावश्यक बातचीत पर रोक लगे। कार्य-संबंधी संदेश कार्य समय में ही भेजे जाएं, निजी चैटिंग पर प्रतिबंध हो।

शिक्षण संस्थान केवल पढ़ाई-लिखाई की जगह नहीं होते, बल्कि समाज का आईना और भविष्य का निर्माण स्थल होते हैं। यहां का वातावरण सीधे तौर पर बच्चों की सोच, शिक्षकों की प्रेरणा और पूरे संस्थान की प्रतिष्ठा को प्रभावित करता है। एक स्वस्थ और सम्मानजनक कार्यस्थल कोई विलासिता नहीं, बल्कि बुनियादी आवश्यकता है। विशेष रूप से महिला शिक्षिकाओं और महिला कर्मचारियों के लिए यह सुनिश्चित करना कि वे अपने कार्यस्थल पर सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें, किसी भी संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

हाल के वर्षों में कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां महिला शिक्षिकाओं ने अपने ही सहयोगियों या वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए गए अनुचित व्यवहार, अशोभनीय संदेश और निजी तौर पर अनुचित हरकतों की शिकायत की है। देशभर से समय-समय पर ऐसी खबरें आती रही हैं—कभी खाली पीरियड में एकांत में लंबी बातचीत, कभी व्यक्तिगत नंबर पर अनावश्यक और निजी संदेश, कभी नज़र और शब्दों से अपमानजनक संकेत, तो कभी काम में मदद या पदोन्नति के बदले अनुचित मांग। ये सब केवल व्यक्तिगत आचरण की गड़बड़ी नहीं हैं, बल्कि कार्यस्थल की गरिमा और सुरक्षा को तोड़ने वाली गंभीर प्रवृत्तियां हैं।

ऐसी घटनाएं केवल एक महिला के मानसिक स्वास्थ्य को चोट नहीं पहुंचातीं, बल्कि पूरे वातावरण को विषैला बना देती हैं। असुरक्षा का भाव महिला शिक्षिकाओं के आत्मविश्वास को कमजोर करता है। वे हमेशा सतर्क और तनावग्रस्त रहती हैं, जिससे उनका ध्यान पढ़ाई से भटकता है। बार-बार अपमानजनक स्थिति का सामना करने से उनका आत्मसम्मान टूटने लगता है। कई महिलाएं ऐसे माहौल से बचने के लिए नौकरी छोड़ देती हैं या स्थानांतरण की मांग करती हैं। इसका असर छात्रों पर भी पड़ता है, क्योंकि असुरक्षित और असंतुष्ट शिक्षक पूरी ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ पढ़ाने में सक्षम नहीं रहते।

महिलाओं की कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत में यौन उत्पीड़न (कार्यस्थल पर) अधिनियम, 2013 यानी पॉश अधिनियम लागू है। इसके तहत प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है, जिसकी अध्यक्ष महिला हो और आधे से अधिक सदस्य महिलाएं हों। शिकायत दर्ज होने पर सात कार्य दिवस में प्रारंभिक सुनवाई और नब्बे दिनों में जांच पूरी करनी होती है। दोषी पाए जाने पर प्रशासनिक और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। शिकायतकर्ता के साथ किसी भी प्रकार के प्रतिशोध को रोकना भी संस्थान की जिम्मेदारी है। दुर्भाग्य से, अनेक स्थानों पर यह समिति केवल कागजों में ही सीमित रहती है और शिकायतें या तो दबा दी जाती हैं या पीड़ित को चुप करा दिया जाता है।

समाधान केवल सज़ा देने में नहीं, बल्कि रोकथाम में है। इसके लिए कुछ बुनियादी कदम हर शैक्षणिक संस्थान में तुरंत लागू किए जाने चाहिए। महिला शिक्षिकाओं के लिए अलग और सुरक्षित स्टाफ रूम होना चाहिए, ताकि वे अपने कार्य से जुड़ी चर्चाएं और आवश्यक बातचीत आराम से कर सकें। महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए अलग, स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय की व्यवस्था हो।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

एक ऐसी शानदार शख्सियत जिन्होंने ना केवल लोगों में सकारात्मक सोच पैदा की बल्कि खुशियां कहां मिलती हैं ये भी पता कर ड़ाला। हमेशा मुस्कान चेहरे पर बनाए हुए अशोक लेमिनेशन के निदेशक और रोटेरियन अशोक कुमार बेहद शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं। इन्होनें अपनी शिक्षा वर्ष 1988 में पूर्ण की, पढ़ाई के तुरंत बाद इन्होनें राय इलेक्ट्रॉनिक्स, बापू बाजार में टीवी रिपेयरिंग का कार्य सीखा। तकनीकी कौशल और धैर्य के साथ लगभग दस वर्षों तक इस क्षेत्र में काम करते हुए न केवल अपने हाथों की कला को निखारा, बल्कि ग्राहकों के साथ भरोसे का रिश्ता भी बनाया। समय के साथ तकनीक में बदलाव और नई आवश्यकताओं को समझते हुए इन्होंने अपना कार्यक्षेत्र बदलने का निर्णय लिया। मोबाइल लेमिनेशन के क्षेत्र में कदम रखा और अपनी मेहनत, गुणवत्ता और समय पर सेवा के बल पर धीरे-धीरे बाज़ार में अपनी पहचान बनाई। आज इनकी फर्म अशोक लेमिनेशन एक प्रतिष्ठित नाम है, जो ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता और भरोसेमंद सेवाएँ प्रदान करने के लिए जानी जाती है। यह यात्रा इनके लिए केवल व्यवसायिक विकास की कहानी नहीं, बल्कि युवाओं को मेहनत, सीखने की लगन और समय के साथ बदलाव को अपनाने का उदाहरण है। रोटरी क्लब से भी जुडे हुए है और रोटरी के सामाजिक कार्यो में पूर्णत्या भाग लेकर समाज सेवा में अग्रणी बने हुए हैं। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।



अशोक कुमार
(निदेशक अशोक लेमिनेशन व रोटेरियन)

**रूपक शर्मा**

## Today

बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | 3 | 7 |
| | | 4 | 7 | | | | | |
| | | | | 3 | 8 | 9 | | 5 |
| 4 | 2 | | | | | 8 | | |
| 1 | 7 | | 9 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | | 8 | 4 | 1 | | 2 | 3 |
| | | 9 | | 7 | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | | | 5 | | |
| 8 | | 6 | 3 | | 2 | | | |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 5 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 4 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा। यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें।

### वृष

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। बनते कामों में बाधा हो सकती

### मिथुन

वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। पारिवारिक चिंता

### कर्क

चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है।

### सिंह

व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा।

### कन्या

आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें।

### तुला

छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। संचित कोष में वृद्धि होगी। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

### वृश्चिक

मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। भय रहेगा। प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अपेक्षित

### धनु

दूसरों से अपेक्षा न करें। कुसंगति से हानि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

### मकर

जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें।

### कुंभ

कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

### मीन

भाइयों का सहयोग मिलेगा। पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

# गणेश मेले की तैयारियों व मौसमी बीमारियों की रोकथाम के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले की आवश्यक सेवाओं व विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, सम्पर्क पोर्टल, बजट घोषणाओं और जनसुनवाई से जुड़े प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीम भावना, पारदर्शिता और सक्रियता के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय और जिला स्तर पर प्राप्त प्रकरणों का त्वरित समाधान करने तथा क्षतिग्रस्त भवनों के शेष प्रस्ताव भेजने पर बल दिया।

गणेश मेले की तैयारियों पर विशेष जोर देते हुए कलक्टर ने शहर की सड़कों की मरम्मत, गणेश धाम से जोगी महल तक सड़क दुरुस्त करने और बस स्टैंड से कुंडेरा मार्ग तक पैचवर्क कराने के निर्देश अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरि सिंह मीना को दिए। साथ ही मेले में पेयजल आपूर्ति की सुचारु व्यवस्था और जल जीवन मिशन के पूर्ण कार्यों का प्रमाणन सुनिश्चित करने अधीक्षण अभियंता पीएचईडी भगवान सहाय मीना को दिए

मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु डेंगू, मलेरिया से प्रभावित वार्डो, कस्बों एवं गांवों में डोर-टू-डोर सर्वे व रैपिड टेस्ट बढ़ाने, जलभराव वाले क्षेत्रों में फॉगिंग और एंटी-लार्वा मछलियां डलवाने के निर्देश सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को दिए गए। वहीं स्कूलों में बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव संबंधी जानकारी देने के निर्देश मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा को दिए।




शिक्षा विभाग को क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की मरम्मत शीघ्र शुरू करने, कृषि विभाग को रबी पूर्व कार्यशालाएं आयोजित कर किसानों को बीज व उर्वरक के संतुलित उपयोग की जानकारी देने और सामाजिक न्याय विभाग को पेंशन सत्यापन में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलक्टर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनान्तर्गत अधिकारियों द्वारा गोद लिए गए 25 बीपीएल परिवारों को सभी पात्र योजनाओं का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महा अभियान के तहत शेष रहे पौधारोपण की जियोटैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, एसीईओ जिला परिषद शैलेंद्र सिंह, उपवन संरक्षक सुनील शर्मा, एडीपीसी समसा दिनेश गुप्ता, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार राकेश कुमार अटल, नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना, उप निदेशक मीना आर्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉ. ममता बिजारनिया को संभाग स्तर पर किया सम्मानित

### डॉ. ममता ने हजारों नेत्र रोगियों के जीवन को किया रोशन



**निवाई ( का.स. )।** उप जिला अस्पताल निवाई में कार्यरत नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता बिजारनिया को राजस्थान में सर्वाधिक नेत्र ऑपरेशन करने पर संभाग स्तर पर संयुक्त निदेशक डॉ. सम्पतसिंह जोधा ने अजमेर में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया। डॉ. जोधा ने बताया कि डॉ. ममता ने संभाग में सर्वाधिक नेत्र ऑपरेशन कर अंधता निवारण कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान दिया है। साथ ही उन्होंने वृद्ध रोगियों के जीवन में रोशनी लौटाकर उनके सामाजिक जीवन को सरल बनाने का प्रयास किया है। डॉ. ममता उप जिला चिकित्सालय निवाई में पिछले चार वर्षो से उत्कृष्ट सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. ममता बिजारनिया उपखंड स्तर पर भी उपखंड अधिकारी द्वारा सम्मानित की जा चुकी हैं। डॉ. बिजारनिया ने बताया कि उप जिला अस्पताल निवाई में सवाईमाधोपुर, टोंक, केकड़ी, बूंदी, चाकसू, कौथून व फुलेरा सहित आसपास के जिलों के गांवों से नेत्र रोगी ऑपरेशन के लिए आते है।

## रणथंभौर के जंगल में पर्यटकों के फंसने के बाद लिया बड़ा एक्शन, ड्राइवर-गाइड किए प्रतिबंधित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के जोन 6 में सफारी पर गए एक कैंटर के जंगल में खराब हो जाने पर यात्रियों के फंसने, मदद मांगने पर भी दूसरे कैंटर संचालक की ओर से मदद नहीं करने व वेटिंग कैंटर के देरी से लेने पहुंचने के मामले में तीन कैंटरों के ड्राइवर व एक गाइड को अग्रिम आदेशों तक प्रतिबंधित कर दिया।

वन विभाग के अनुसार शनिवार शाम की पारी में कैंटर संख्या आरजे 25, पीए 2171 के ड्राइवर कन्हैया एवं गाइड मुकेश कुमार पर्यटकों को जोन नंबर 6 में भ्रमण कराने ले गए थे। इसमें 20- 25 पर्यटक सवार थे। भ्रमण के दौरान कैंटर जंगल में खराब हो गया। इसके बाद वेटिंग ड्यूटी वाले कैन्टर संख्या आरजे 25 पीए 2230 को भेजा गया, जो नियमानुसार ड्यूटी के दौरान तत्कालीन समय गेट पर मौजूद नहीं था। इसके चलते वेटिंग कैंटर भी शाम 7.20 बजे एंट्री गेट पर पहुंचा। इससे पर्यटकों को लाने में काफी देर हुई।

### पर्यटकों को जंगल में छोड़कर आ गया गाइड

भ्रमण के दौरान कैंटर के खराब होने पर गाइड मुकेश कुमार पर्यटकों को जंगल में छोड़कर बाहर आ गया। उसके जंगल से बाहर आने व लौटने में काफी देर होने से पर्यटक घबरा गए। वहीं एक अन्य कैंटर संख्या आरजे 25 पीए 2227 जो शाम 6.58 बजे एंट्री गेट पर पर्यटकों को भ्रमण करा कर लौटा था। उसने भी सभी पर्यटकों के नाके पर ही उतर जाने व खाली होने के बावजूद पर्यटकों को लाने से मना कर दिया।

वन विभाग ने इसे अधिकारियों के निर्देशों का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि **बढ़ता राजस्थान** में 18 अगस्त को बाघों के घर में फंसे 25 पर्यटक शाम ढली, गाड़ी बंद, गाइड भी भागा शीर्षक से खबर प्रकाशित कर मामले को उजागर किया था।

### ये चालक व गाइड किए प्रतिबंधित

वन विभाग ने कैंटर संख्या आर जे 25, पीए 2171 के ड्राइवर कन्हैया व गाइड मुकेश कुमार एवं कैंटर आरजे 25 पीए 2230 के वाहन चालक शहजाद चौधरी, कैंटर आरजे 25 पीए 2227 के वाहन चालक लियाकत अली को टाइगर रिजर्व में प्रवेश के लिए अग्रिम आदेशों तक प्रतिबन्धित किया।

## वित्तीय साक्षरता शिविरों में बैंक अधिकारी पूर्व तैयारी के साथ आएं -जिला कलेक्टर




बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में वित्तीय साक्षरता को लेकर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को सोनवा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक कल्याण जाखड़ को पूर्व तैयारी के साथ शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जाने हैं, वहां के बैंक खातेदारों की संख्या, री केवाईसी से शेष लोगों का डाटा, इसके लिए पूर्व में सूचना एवं लिए जाने वाले दस्तावेजों के बारे में खाता धारकों को बताया जाएं। जिला कलेक्टर ने आमजन से भी लंबे समय से अक्रियाशील खातों को बंद करने की समझाइश की। उन्होंने साइबर फ्रॉड को लेकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। एलडीएम ने कहा कि शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना के तहत पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण एवं प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत नये खाते खोले जाएंगे तथा निष्क्रिय खातों के लिए री-केवाईसी की जाएगी। आयोजित शिविर स्थल पर आस-पास के नागरिक पहुंचकर लाभ ले सकते है। शिविर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, एसीईओ ललित कुमार समेत स्थानीय बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

## मेरा श्याम बड़ा रंगीला,महिलाओं ने जमकर किया भक्ति नृत्य



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सिया महिला मंडल के तत्वावधान में श्री चिंताहरण गणेशजी के मंदिर मे श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। वेशाली गुप्ता व उर्मिला विजय ने बताया कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर भगवान श्रीकृष्ण व राधाजी की सजीव झांकी सजाई गई। इस दौरान थाली भरकर ल्याई र खीचडो ऊपर घी की बाटकी, जीमो म्हारा श्याम धणी जिमाव बेटी जाट की, कभी राम बनके कभी श्याम बनके चले आना प्रभुजी चले आना, सालासर वाले बाबा वीर हनुमाना, मेरा श्याम बड़ा रंगीला, हनुमान तुम्हारा क्या कहना, देना हो तो दीजिए जनम-जनम का साथ, मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने दोनों हाथ, प्यारा सा मुखड़ा घुंघराले कैश, कलयुग के राजा आवोनी खाटू नरेश, सारे तीर्थधाम आपके शरणों में है, राधा रानी प्रणाम आपके चरणों में, बालाजी का लाड लडाव माता अंजना, श्रीरामजी चले ना हनुमान के बिना, छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, म्हाने जमुना जी को खारो खारो पानी लागे व श्यामा आन बसो वृंदावन में सहित कई भजनों पर एकाएक मनमोहक प्रस्तुतियां पर महिलाओं ने जमकर भक्ति नृत्य किया। अंत में महाआरती कर प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर सिया महिला मंडल की सुमित्रा, चन्द्रकला खंडेलवाल, कृष्णा खंगार, उर्मिला विजय, कृष्णा खंडेलवाल, सावत्री गोयल, शशी खंडेलवाल, कृष्णा खंगार, सुलोचना व गायत्री विजय सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

## अपात्र योजना का लाभ छोड़े अन्यथा कार्रवाई और वसूली के लिए तैयार रहे



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** नवीन मण्डी बाजार स्थित पंचायती धर्मशाला में तहसील के सभी राशन डीलरो की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। सोमवार को आयोजित बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग से उपायुक्त संजय झाला और मालपुरा टोडारायसिंह के प्रवर्तन निरीक्षक अमित शर्मा मुख्य रूप से मौजुद रहे। बैठक राशन डीलर एसोशियसन मालपुरा के अध्यक्ष सीताराम डालमियां की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मौजूद राशन डीलरो को जानकारी देते हुए विभागीय उपायुक्त संजय झाला ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना में कई लाभार्थी गलत तरीके से चयनित होकर योजना का लाभ रहे हैं। कई लोग योजना कें नियमो को दरकिनार कर योजना का लाभ ले रहे हैं। जो सर्वथा गलत है। झाला ने बताया कि सरकार ने योजना का गलत लाभ ले रहे अपात्रो को योजना के लाभ से वचिंत होने का एक ओर अवसर प्रदान कर रही है। जिसमें अपात्र गिव अप योजना कें अन्तर्गत आवेदन कर विभाग के पास जमा करवा सकता है। ऐसे लोगो पर सरकार किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करेगी। यदि कोई अपात्र स्वेच्छा से योजना का लाभ लेना छोड़ना चाहता है तो ऐसे अपात्रो से डीलर गिव अप योजना में आवेदन तैयार करवा कर शीध्र विभाग के पास प्रस्तुत करें। जिससे सभी आवेदनो पर समय पर अग्रिम कार्रवाई किया जाना संभव हो सके। साथ उपायुक्त झाला ने यह भी चेताया कि इतना होने के बावजूद भी यदि कोई अपात्र नियमो के विपरीत जाकर योजना का लाभ लेता मिलता है तो ऐसे लोगो से सरकार वसूली की कार्रवाई के साथसाथ दण्डनीय कार्रवाई भी करेगी। जिसके लिए सम्बन्धित स्वयं जिम्मेदार रहेगें। प्रवर्तन निरीक्षक अमित शर्मा ने निर्देश देते हुए बताया कि सभी राशन डीलर अपने अपने क्षैत्र में खाद्य सुरक्षा के अपात्र लोगो को योजना का लाभ स्वेच्छा से लेना छोड़ने के लिए प्रेरित कर अधिक से अधिक अपात्रो से गिव अप योजना के आवेदन तैयार करावें। जिससे खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पात्रो को आसानी से मिल सके। बैठक के प्रारम्भ में राशन डीलरो ने दोनो विभागीय अधिकारियो का सम्मान किया।

## त्रिनेत्र गणेशजी मेले में यात्रियों को किराया राशि पर 50 प्रतिशत रियायत

### रेलवे स्टेशन से मेला ग्राउंड (शेरपुर तिराहा) तक मात्र 10 रुपए किराया निर्धारित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** श्री त्रिनेत्र गणेशजी मेला के सफल एवं सुचारु आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों की पालना में यात्रियों को बड़ी राहत प्रदान की गई है।

मुख्य प्रबंधक राजस्थान रोड़वेज पीयूष जैन ने बताया कि रेलवे स्टेशन से मेला ग्राउंड (शेरपुर तिराहा) तक का किराया 20 रुपये निर्धारित है। राज्य सरकार के आदेशानुसार लक्खी मेले के अवसर पर यात्रियों को 50 प्रतिशत रियायत दी जाएगी। इस प्रकार मेले में रेलवे स्टेशन से मेला ग्राउंड (शेरपुर तिराहा) तक आने-जाने वाले श्रद्धालुओं से मात्र 10 रुपये किराया वसूला जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था लागू की गई है, जिससे श्रद्धालु न्यूनतम किराए में सहज रूप से मेला स्थल तक पहुंच सकेंगे। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

## अवैध बजरी से भरा एक ट्रक जब्त,चालक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन अभियान को लेकर बजरी से भरा हुए एक ट्रक को जब्त किया है एवं चालक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी बृजेन्दसिंह राठौड ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन अभियान को लेकर पुलिस थाने के बाहर नाकाबंदी के दौरान बजरी से भरे हुए एक ट्रक को जब्त किया है और चालक गांव हथौना निवासी मोनू गुर्जर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने चालक व मालिक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

## करौली में 150 साल पहले फेमस था : युवाओं ने आम के बगीचे को जीवित करने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ करौली( राकेश शर्मा )।** राजस्थान के करौली जिले में पहाड़ों की तलहटी में बसा गांव आम का जाहिरा अपनी अनूठी कहानी के लिए जाना जाता है. इस गांव का नाम आम का जाहिरा इस लिए पड़ा, क्योंकि यहां करीब 150 साल पहले यहां के पूर्वजों ने यहां बहुत बड़ा आम बगीचा लगाया था. इस बगीचे ने गांव को पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध कर दिया था।

### समय के साथ बदली तस्वीर

वहीं समय के साथ यह बगीचा सूखने लगा. गांव की वह पुरानी रौनक खो गई. मगर गांव के युवाओं ने हार नहीं मानी. उन्होंने ठान लिया कि आम का जाहिरा को उसकी खोई हुई शान फिर से दिलाएंगे।

### युवाओं का जोश और जुनून

गांव की शिक्षा विकास समिति ने इस सपने को सच करने की ठानी. समिति में शामिल पुखराज मीणा जीएसटी कमिश्नर बताते हैं कि गांव वालों ने मिलकर 6 लाख रुपये की राशि जुटाई. इसके बाद लखनऊ के मलिहाबाद से दशहरी, लंगड़ा, आम्रपाली और रामकेला जैसे बेहतरीन आमों की किस्में मंगवाई गईं. इन पेड़ों को पहाड़ों के बीच फैले 3 किलोमीटर के क्षेत्र में लगाया गया. इस काम को करने के लिए पूरे गांव ने दिन रात मेहनत करके काम किया है।



### पांच सालों में लगेंगे 500 पेड़

केदार लाल मीणा रिटायर्ड सीनियर सेक्शन इंजीनियर का कहना है कि गांव के लोग हर साल 100 नए आम के पेड़ लगाएंगे. अगले पांच सालों में 500 पेड़ लगाकर बगीचे को फिर से हरा-भरा करने का लक्ष्य है. यह प्रयास न केवल गांव की पुरानी पहचान लौटाएगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा देगा।

### नई उम्मीद की किरण

आम का जाहिरा आज युवाओं के हौसले और मेहनत का प्रतीक बन रहा है. यह गांव एक बार फिर अपने आमों की मिठास से पूरे क्षेत्र में छा जाने को तैयार है।

## जयपुर से सवाई माधोपुर रेलवे ट्रैक के दोहरी करण को लेकर तहसील कार्यालय में हुई बैठक आयोजित

### रेलवे, पीडब्ल्यूडी, राजस्व विभाग के कार्मिक व कृषि भूमि मालिक रहे उपस्थित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** जयपुर मुंबई रेलवे ट्रैक के जयपुर से सवाई माधोपुर रेलवे ट्रैक के दोहरी करण को लेकर सोमवार को तहसील कार्यालय में उप जिला कलेक्टर रामकरणसिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में तहसीलदार नरेश गुर्जर की उपस्थिति में रेलवे लाइन दोहरी करण के लिए उपयोग में ली जाने वाली जमीनों के मुआवजा को लेकर चर्चा की गई। बैठक में रेलवे के अधीक्षण अभियन्ता निर्माण चंद्रशेखर,रेलवे के सहायक अभियंता रोहित नगरवाल, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी, राजस्व अधिकारी रेलवे डबल लाइन कार्य को लेकर कृषि भूमि के किसानों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में संबंधित हल्का पटवारी व गिरदावर भी मौजूद थे। बैठक में कृषि भूमि मालिक अपने साथ कृषि भूमि के जमाबंदी, नकल व मालिकाना हक के दस्तावेज लेकर पहुंचे। रेलवे दोहरीकरण योजना में भूमि अवाप्ति अधिनियम 20 तथा रेलवे भूमि अधिनियम 2008 में आ रही अधिग्रहित 12 गांव की भूमि को लेकर भूमि मालिकों के साथ चर्चा की गई। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि निवाई उपखंड क्षेत्र की ब्रजलालपुरा, चनानी, महाराजपुरा, चैनपुरा, सजिया,नला, बाढ़ दामोदरपुरा, मूंडिया, खेड़ी मोहनपुरा, बहकवा, अलियाबाद व श्योसिंहपुरा क्षेत्र के भूमि को रेलवे द्वारा अवाप्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण में ली जाने वाली कृषि भूमि का नियमानुसार उचित मुआवजा दिया जाएगा। इस दौरान एक दर्जन गांव से आए हुए ग्रामीणों व भूस्वामियों ने उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह, तहसीलदार नरेश गुर्जर व रेलवे अधीक्षण अभियंता को समस्याओं से भी अवगत कराया। अधिकारियों ने समय रहते समस्या का निराकरण करने के लिए किसानों को आश्वासन दिया।



## विप्र फाउंडेशन जॉन 1-डी का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 14 सितंबर को

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर /गंगापुर सिटी ( राकेश शर्मा )।** विप्र फाउंडेशन जॉन 1-डी की बैठक विजयलक्ष्मी ऑडिटोरियम में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह14 सितंबर, रविवार को स्थानीय विजय पैलेस में आयोजित होगा।

समारोह में सवाई माधोपुर सहित जॉन-1 डी के सभी जिलों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। निर्धारित मापदंडों में कक्षा 8 से स्नातकोत्तर तक उत्कृष्ट अंक, नीट-आईआईटी में चयन, आईएएस-आरएएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता, विभिन्न राजकीय सेवाओं में चयन, राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय खेल उपलब्धियां, एनसीसी/एनडीए/ स्काउट-गाइड सम्मान और प्रशासनिक स्तर पर सम्मानित व्यक्ति शामिल रहेंगे। साथ ही 1 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक सेवानिवृत्त राजकीय सेवाकर्मी भी समारोह में सम्मानित होंगे। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि एवं प्रमाणपत्र की फोटोकॉपी 5 सितंबर तक निर्धारित स्थानों अथवा मोबाइल नंबर 8385005280 पर ऑनलाइन जमा करानी होगी। बैठक में ज़िलाध्यक्ष दिलीप तिवाड़ी, गोविंद सहाय शर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।



# कांग्रेस-भाजपा के जुमलों से रहें सावधान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर सड़क मार्ग स्थित बड़ाबास मोहल्ले में सोमवार, 18 अगस्त 2025 को बहुजन समाज पार्टी के मुख्य ज़ोन प्रभारी मोती सिंह पार्षद एवं श्याम बाबू ज़ोन प्रभारी का पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने कोटपूतली स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया और बसपा संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नारेबाजी करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य ज़ोन प्रभारी मोती सिंह ने कहा कि आगामी बैठकों और कार्यक्रमों की सफलता के लिए ठोस रणनीति तैयार करनी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस और भाजपा के जुमलों से सतर्क रहने की अपील की। कहा कि बहुजन समाज, दलित, अति पिछड़े, शोषित, गरीब वर्ग एवं महिलाओं को विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मनुवाद समाज के लिए विष की तरह है, जो स्वयं को ही नष्ट करता है। किसी भी समाज में छोटा-बड़ा नहीं होता। महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार, हत्या और जातिगत शोषण इसी व्यवस्था की उपज हैं। बसपा हमेशा अपनी नीति और सिद्धांतों के अनुसार काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर बसपा जिला प्रभारी दीपचंद आर्य, बलवंत सिंह रेवाला, ओमप्रकाश सिंहवईया (पूर्व जिला अध्यक्ष), कैलाश मास्टर, शशिकांत शर्मा, सुबेसिंह आर्य, सुरेश चंद्र आर्य, मनोज, बाल रोहतास वाल्मीकि, धर्मपाल आर्य, गिरिराज आर्य, बनवारी लाल रजक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 8 साल के बच्चे को 5 कुत्तों ने घेरकर नोचा : हाथ, मुंह, पैर और पीठ पर काटा, शरीर पर करीब 50 जख्म; आधे शरीर पर पट्टियां बंधी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर में 8 साल के बच्चे को 5 कुत्तों ने नोचा। बच्चा अपने दोस्त के घर खेलने पैदल जा रहा था। घर से करीब 100 मीटर दूर ही कुत्तों ने बच्चे को घेर लिया। उसके हाथ, मुंह, पैर और पीठ पर काट लिया। शरीर पर 50 जगह जख्म है। हॉस्पिटल लेकर गए तो आधा शरीर पट्टियों से बंध गया। घटना अलवर के बगड़ तिराहा थाना क्षेत्र में बहाला टोल के पास सांखला गांव की है। बच्चे का जिला हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

सांखला गांव के रहने वाले देवेंद्र का 8 साल का बेटा योगेश सोमवार शाम करीब 4 बजे अपने दोस्त के घर खेलने के लिए पैदल जा रहा था। खुद के घर से करीब 100 मीटर दूर 5 कुत्तों ने बच्चे को घेर लिया। कुत्तों ने बच्चे के हाथ, मुंह और पांव व पीठ पर करीब 50 जगहों से काट लिया। कई जगहों पर बड़े घाव हैं।

### लाठी मारकर कुत्तों को भगाया

बच्चे के चिल्लाने की आवाज सुनकर युवक देवेंद्र सहित कई लोगों ने लाठी मारकर कुत्तों को भगाया। उसके बाद घायल को जिला हॉस्पिटल लेकर आए, जहां इलाज जारी है। घटना के समय बच्चे की मां ज्योति फैक्ट्री में मजदूरी करने गई थी। मिस्त्री पिता घर पर ही थे।गांव में कुत्तों के इस अटैक से आमजन में भी डर पैदा हो गया है। बच्चे का हाल देखा नहीं गया।

### माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल

माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। बेटे की हालत देखी नहीं जा रही है। मजदूरी कर घर लौटी मां को बेटा लहूलुहान हालत मिला। वह उसे देख नहीं सकी। अब हॉस्पिटल में बच्चे के माता-पिता के आंसू नहीं रुक रहे। दूसरा बेटा 6 साल का है।

# सहचरी प्रोजेक्ट के तहत रोटरी अलवर ने किया सेनेटरी नैपकिन वितरण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर की महिला सदस्यों ने अपने स्थायी मासिक प्रोजेक्ट सहचरी - स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो के अंतर्गत जरूरतमंद महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरित किए। इस माह वितरण कार्यक्रम अग्रसेन सर्किल स्थित गीतांजलि अस्पताल के पीछे आयोजित हुआ। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रोटेरियन साक्षी खंडेलवाल ने बताया कि यह पहल महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर की जाती है। क्लब अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने बताया कि एक वर्ष तक नैपकिन का निशुल्क वितरण अलका गुप्ता (पत्नी रोटेरियन संजीव गुप्ता) के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल, कोऑर्डिनेटर साक्षी खंडेलवाल, शिप्रा वर्मा, संगीत हीरावत, कविता खंडेलवाल, सुमन यादव, रचना जैन सहित क्लब की महिला सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

# भामाशाहों ने विद्यालय को वाटर कूलर भेंट कर किया सहयोग



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र के गांव मुगलपुर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह रोशनलाल पेंटर के पुत्र दिलीप कुमार, नरेंद्र कुमार और प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों की सुविधा हेतु वाटर कूलर भेंट किया। नरेंद्र कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों को ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। वाटर कूलर भेंट करने पर विद्यालय स्टाफ और ग्रामवासियों ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया।

# युवा शक्ति बानसूर ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, दरिंदों को फांसी देने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित अम्बेडकर सर्किल पर युवा शक्ति के युवाओं ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को नमन किया और हरियाणा की मनीषा हत्या प्रकरण में दरिंदों को फांसी देने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। युवाओं ने अम्बेडकर सर्किल से उपखंड कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और परिसर में नारेबाजी कर इंसाफ की गुहार लगाई।

धरना-प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी अनुराग हरित को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि हरियाणा के भिवानी जिले के लोहारू क्षेत्र की 19 वर्षीय शिक्षिका मनीषा 11 अगस्त को लापता हो गई थी। 13 अगस्त को उसका क्षत-विक्षत शव सिंघानी गांव के खेतों में मिला, जिसका गला कटा हुआ था। इस जघन्य अपराध ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। पांच दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों का सुराग नहीं लगना पुलिस की लापरवाही को उजागर करता है, जिससे परिवार और समाज में आक्रोश व्याप्त है।

युवाओं ने सरकार से मांग की कि हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए, पुलिस की जवाबदेही तय की जाए और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई हो। साथ ही हरियाणा में बेटियों की सुरक्षा के ठोस उपाय किए जाएं ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। युवाओं ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे एकजुट होकर मनीषा को न्याय दिलाने की मुहिम में साथ आएं। इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष नरेश गुर्जर कोथल, मनोज गुर्जर, विजय सिंह सांथलपुर, मोहित यादव, भारतसिंह शेखावत कोथल, आरती पहाड़िया, भावना पहाड़िया, खुशबू यादव, हेमलता सैनी, निशु स्वामी, महक यादव, कृष्ण स्वामी, दीपांशु चौधरी, पंकज योगी, विकास, मोनी, दीपक यादव, हिमांशु सैनी, रोहित, पुष्पेंद्र, अमित यादव, नितेश राजपूत कोथल, राहुल राजपूत कोथल, अक्षय शर्मा कोथल, लक्की राजपूत कोथल, कपिल यादव, राहुल यादव व तनिज यादव सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।



# अनूठी मिसाल

## जन्मदिन पर जरूरतमंदों को कराया भोजन



**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स द्वारा सेवा गतिविधियों की कड़ी में एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के प्रभुजनों को भोजन अभियान के तहत लायन साथी आशीष प्रताप सिंह के जन्मदिवस पर जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रसाद ग्रहण करवाया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मुकेश यादव ने आशीष प्रताप सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स समाजसेवा की परंपरा को लगातार निभाता आया है और भविष्य में भी लायन साथियों के सहयोग से यह कार्य जारी रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक लायन प्रदीप यादव रहे। वहीं क्लब अध्यक्ष एमजेएफ दिनेश अग्रवाल, चार्टर अध्यक्ष राकेश रोहिल्ला, सचिव राहुल यादव, कोषाध्यक्ष प्रवीण सैनी सहित अनेक पदाधिकारी, सदस्य और लायन लेडीज भी मौजूद रहीं।

# पेयजल व्यवस्था के लिए दिए थे 30 हजार करोड़ - विधायक शेखावत

## गत सरकार खर्च कर पाई सिर्फ 7 हजार करोड़



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधायक देवीसिंह शेखावत ने सोमवार को पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत किशोरपुरा के गांव भूरियावास का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। शेखावत ने कहा कि इस उप स्वास्थ्य केंद्र से स्थानीय नागरिकों सहित आस-पास के लोगों को प्राथमिक उपचार आसानी से उपलब्ध होगा, जो क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि पेयजल समस्या के समाधान के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने राजस्थान को 30 हजार करोड़ रुपये का बजट दिया था, लेकिन पिछली सरकार ने मात्र 7 हजार करोड़ ही खर्च किए, जिसके चलते प्रदेशवासियों को पेयजल संकट झेलना पड़ा। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार में सड़क निर्माण कार्य तेज गति से हो रहे हैं। पूर्ववर्ती विधायकों पर टिप्पणी किए बिना शेखावत ने कहा कि उनकी इच्छा है कि वे विकास कार्यों की लंबी लकीर खींचकर दिखाएँ, ताकि स्पष्ट हो सके कि विधायक कैसा होना चाहिए। कार्यक्रम में उपसरपंच श्रीराम यादव का विधायक ने माला व साफा पहनाकर सम्मान किया, जिस पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम से पूर्व पूजा-अर्चना हुई और विधायक का भी भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कृष्ण बाललीला व गोवर्धन लीला का हुआ वर्णन, श्रोता हुए आनंदित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** तपोभूमि अलवर में भाद्रपक्ष के पावन अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन लीला का रसपूर्ण वर्णन किया गया। यह कथा 15 अगस्त को कलश यात्रा से प्रारंभ हुई थी और प्रतिदिन स्कीम-2 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में चल रही है। कथावाचक श्री राघवेंद्राचार्य जी महाराज ने नन्द कथा, यशोदा संवाद, माखन-मिश्री प्रसंग व कृष्ण-सखियों की अठखेलियों का जीवंत चित्रण किया। उन्होंने भजनों ये जिंदगी बेकार न हो जाये, कलियुग का आधार तुहि, कन्हैया झूले अंगना आदि के माध्यम से कथा को और अधिक भावपूर्ण बना दिया। उन्होंने कहा कि यह भागवत कथा अनंत सुख और शांति देने वाली है। जो भी इसे भावपूर्वक श्रवण करता है, उसके परिवार अवसाद और कष्टों से मुक्त होते हैं। आयोजन समिति के किशनलाल कालरा ने बताया कि कथा का समापन 21 अगस्त को पूर्णाहुति, हवन और भंडारे के साथ होगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से आरंभ होकर शाम 6 बजे आरती व प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन किया जाता है।

# नवीन अग्रवाल बने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अधिवेशन में बड़ी संख्या में देशभर से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न प्रांतों के वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां की गईं। इसी क्रम में अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के पूर्व युवा प्रदेश सचिव नवीन अग्रवाल (बहरोड़) को प्रदेश उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। नवीन अग्रवाल ने इस नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज जिंदल सहित प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने में पूरे समर्पण से कार्य करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर बहरोड़ अग्रवाल समाज में हर्ष का माहौल है। समाज के पदाधिकारियों और गणमान्यजनों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी।

# लघु उद्योग भारती अलवर ने 200 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** लघु उद्योग भारती अलवर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संतुलन को बढ़ावा देने हेतु एम.आई.ए. क्षेत्र स्थित विकसित हो रहे पाँच बीघा पार्क में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में लगभग 200 पौधे लगाए गए, जिनमें फलदार, औषधीय, छायादार एवं फूलदार पौधे शामिल रहे।

कार्यक्रम में 70-80 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पार्क को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। सभी ने इस अवसर पर कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही प्रकृति संरक्षण संभव है और पौधारोपण के साथ पौधों की देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है।

इस मौके पर ईएसआईसी के डीन डॉ. ओ.पी. लिखवानी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, अध्यक्ष शशांक झालानी, उपाध्यक्ष संदीप मुद्गल, सचिव पंकज तिवारी सहित निर्मल चौधरी, श्याम जी, नीरज शर्मा, वरुण जैन, विनोद अग्रवाल, शिवानी यादव, रूपाली गुप्ता, रुचि सोढ़ी, शिप्रा वर्मा, विवेक गुप्ता, विकास गुप्ता, मनोज गुप्ता, विनोद शर्मा, जगमोहन, विवेक तिवारी, तुषार गुप्ता, धीरज पोपली, मनीष पोपली, अमन गोयल, गौरव गोयल एवं नीरज यादव सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

सभी ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही निर्णय लिया गया कि पार्क की नियमित देखभाल की जाएगी तथा आगामी चरणों में और अधिक पौधे लगाए जाएंगे। लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में इस पार्क को हरियाली से भरपूर, स्वास्थ्यवर्धक और प्रेरणादायी स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

# अपराधी की सिफारिश नहीं, पहले सज़ा दिलाने की हो मुहिम : थानाधिकारी मलिक

## 50 हजार का कुख्यात ईनामी बदमाश कृष्ण पहलवान प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र के अलवर बाईपास पर शराब ठेकेदार सुनील उर्फ़ टुल्ली की हत्या के मुख्य आरोपी और 50 हजार रुपए के ईनामी बदमाश कृष्ण यादव उर्फ़ कृष्ण पहलवान को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि टुल्ली हत्याकांड की जानकारी कृष्ण पहलवान ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर दी थी। गिरफ्तारी के बाद बानसूर थानाधिकारी सुरेंद्र मलिक ने आरोपी को ई-रिक्शा में बैठाकर सरे बाजार जुलूस के रूप में घुमाया। उन्होंने बताया कि अब तक इस प्रकरण में 7 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि कृष्ण पहलवान की मदद करने वाले शेष आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द होगी।



थानाधिकारी मलिक ने कहा कि अपराधियों की सिफारिश नहीं बल्कि उन्हें सज़ा दिलाने की मुहिम चलनी चाहिए। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि नई पीढ़ी और लोग अपराधियों के पक्ष में खड़े न हों, बल्कि उन्हें दंडित होने दें ताकि उनका भविष्य बर्बाद न हो। मलिक ने बताया कि कृष्ण पहलवान के शरीर पर मौजूद चोटों व जख्मों की पुष्टि चिकित्सकीय जांच के बाद ही हो पाएगी, जिसकी जानकारी समय पर मीडिया को दी जाएगी। वहीं हेरी बॉक्सर से उसके संबंधों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस विषय पर जानकारी पूछताछ के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

# जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने नगरपरिषद आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहरोड़ ने प्रदेश सचिव एवं कांग्रेस प्रत्याशी संजय यादव के नेतृत्व में सोमवार को नगरपरिषद आयुक्त को आमजन की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

संजय यादव ने कहा कि नगरपरिषद में 12 पंचायतों को जोड़े जाने के बाद भी उन क्षेत्रों में मूलभूत कार्य नहीं हो रहे हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जन्म-मृत्यु, वारिस और विवाह प्रमाणपत्र जारी नहीं हो पा रहे हैं। राशन कार्ड और जनाधार कार्ड से जुड़े काम ठप हैं। बच्चों की छात्रवृत्ति के फॉर्म भी जमा नहीं हो पा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि शहर में आवारा पशुओं के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। सिवरेज लाइन का काम शुरू नहीं हुआ, शौचालयों की सफाई नहीं हो रही और घर-घर कचरा टैम्पो की व्यवस्था भी सुचारू रूप से नहीं चल रही। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन और नगरपरिषद कार्यालय का घेराव किया जाएगा।



इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद विकास यादव, शहर अध्यक्ष पंकज स्वामी, संगठन महासचिव जितेन्द्र यादव सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व छात्र डॉ. हितेश कुमार सैनी को पीएचडी उपाधि मिलने पर विद्यालय में सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** सरस्वती मॉडर्न उच्च माध्यमिक विद्यालय, बानसूर के पूर्व छात्र डॉ. हितेश कुमार सैनी को पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। वर्तमान में डॉ. सैनी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाथूसर (रामपुर) में इतिहास विषय के व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। समारोह में संस्था निदेशक डॉ. शशिकांत बोहरा ने उन्हें चांदी का मैडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संस्थान के होनहार पूर्व और वर्तमान विद्यार्थी ही विद्यालय की असली पहचान हैं। उनकी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। उन्होंने यह भी अभिलाषा व्यक्त की कि इस तरह का सम्मान हर वर्ष आयोजित किया जाएगा।



सम्मान ग्रहण करते हुए डॉ. हितेश सैनी ने अपने माता-पिता और विद्यालय को सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि गुरुजनों के आशीर्वाद और शिक्षा की मजबूत नींव ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। भविष्य में भी वे अपने अध्यापकों से मार्गदर्शन लेकर अध्ययन जारी रखेंगे। इस अवसर पर शिक्षा उपनिदेशक धर्मपाल सिंह और प्रधानाचार्य बलवीर सिंह यादव ने भी माला और साफा पहनाकर डॉ. सैनी का स्वागत किया। कार्यक्रम में महेशचंद पारीक, रोहिताश यादव, जितेंद्र शर्मा, रविकांत शर्मा, राजकुमार शर्मा सहित संपूर्ण स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छत गिरने से छात्रों के घायल होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन

## मासूम छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं- चर्मेश शर्मा

## बूंदी जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों के भवनो की जाँच की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** स्वतंत्रता दिवस पर बूंदी शहर के निजी विद्यालय में छत की फॉल सीलिंग गिरने से पांच बच्चों के गंभीर घायल होने और नैनवा क्षेत्र में सरकारी विद्यालय में छत गिरने की घटना के बाद बूंदी जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में बच्चों की जीवन की सुरक्षा की मांग को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चर्मेश शर्मा के नेतृत्व में बूंदी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुये कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्यालयो में बच्चों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करो, निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार बंद करो के जमकर नारे लगाये। नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर बैठ गये जर्जर विद्यालय भवन और कक्षा कक्षो के मामले में शिक्षा विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बूंदी जिले में विद्यालयों की जर्जर स्थिति पर शिक्षा अधिकारी के समक्ष कड़ा आक्रोश जताया और खरी-खरी सुनायी। ज्ञापन में बूंदी जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के भवनो और प्रत्येक कक्षा कक्ष की वर्तमान स्थिति व गुणवत्ता की तत्काल जांच कर बूंदी जिले के सभी विद्यार्थियों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गयी है। ज्ञापन में बूंदी में सेंट पॉल निजी विद्यालय में 15 दिन पहले तैयार हुये भवन की छत गिरने से पांच निर्दोष छात्रों की गंभीर घायल होने के मामले में भी दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की भी मांग की गयी है।

### मासूम छात्रों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये

प्रदर्शन के दौरान राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा ने कहा कि बूंदी जिले विद्यालयों में अध्ययन करने वाले मासूम विद्यार्थियों के जनजीवन से खिलवाड़ असहनीय है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मासूम छात्रों की जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिये। ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जगरूप सिंह रंधावा ने कहा कि शिक्षा विभाग को तत्काल सभी क्षतिग्रस्त भवनो और कक्षा कक्ष की मरम्मत करवानी चाहिये। पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश दाधीच ने कहा कि विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिये।

### प्रदर्शन में ये रहे शामिल

प्रदर्शनकारियो में ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जगरूप सिंह रंधावा पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश दाधीच, युवा नेता कुणाल



पारीक,एनएसयूआई के पूर्व शहर अध्यक्ष अमन राठौर, राजू मीणा गोवर्धनपुरा, गुरुतेज सिंह रंधावा,रमेश गुर्जर, दीपक चांदना,अर्शदीप रंधावा,अमित जांगिड़,नरेश सैनी,शाहरूख खान,श्रवण शर्मा,कालूलाल मीणा आदि सम्मिलित रहे।

# कोटा की जर्जर सड़कः सड़क की जर्जर स्थिति से लोग परेशान- हेमलता सिंह गहलोत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** नरेन्द्र मोदी विचार मंच भाजपा महिला शाखा की प्रदेश महामंत्री हेमलता सिंह गहलोत ने कहा शहर से ग्रामीण इलाकों की सड़क की हालत काफी जर्जर बीच सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उनकी गिट्टी फैली रहती है जिससे सड़क पर आने जाने के कारण वाहनों के आवागमन के साथ आम लोगों को राहगीरों के सामने कई महीनों से भारी समस्या उत्पन्न हो गई है। स्थिति यह है कि सड़क जर्जर होने के कारण आम जनों को पैदल चलने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। नरेन्द्र मोदी विचार मंच की राजस्थान प्रदेश महामंत्री हेमलता सिंह गहलोत ने नाराजगी जाहिर करते हुवे कहा एक तरफ तो कोटा शहर में विकास के कई काम करवाए जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कई इलाके ऐसे हैं जहां अभी भी सड़कों का



काम ठीक से नहीं हुआ है और लोगों को रोज परेशान होना पड़ रहा है। यही स्थिति कोटा शहर के बंधा धर्मपूरा रोड से सटी कई कालोनीवासी नालियों, सड़क, पीने के पानी आदि की समस्या से झूझ रहे है। आखिर कब प्रशासन इन की कालोनीयों मे सड़क निर्माण कर सौगात देगा। उधर कोटा शहर के स्टेशन से डीसीएम रोड, महावीर नगर रोड, आदि की सड़को का हाल भगवान भरोसे। शहर मे कई जगह की रोड जगह-जगह से ख़राब पड़ा है और आए



दिन यहां पर हादसे हो रहे हैं। वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। एक तरफ सरकार की और से सड़क को दुरस्त करने के आदेश जारी किए हुवे है. फिर भी जिला प्रशासन की और से ध्यान नहीं दिया जा रहा है. केडीए, पी डब्लू नगर निगम के अधिकारी इन सड़को से डेली गुजरते है फिर भी सड़को को सही नहीं किया जा रहा है। गहलोत ने कहा बारिश के बाद शहर की सड़कों की असल तस्वीर सामने आ गईज्जगह-जगह उधड़ी परतें, उखड़े रास्ते और गहरे गड्ढे नगर निगम और केडीए की निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। शहर के बाहरी इलाकों से लेकर पॉश कॉलोनियों तक हालात बदतर हैं। कहीं अस्थायी रूप से ग्रेवल डाली जा रही है, तो कहीं डामर रोड़ पर गड्ढों पर सीमेंटे भर मरम्मत का दिखावा किया जा रहा है। कई कालोनी मे विकास ना के बराबर कालोनीयों मे जलनिकासी की व्यवस्थाएं भी फेल साबित हो गई हैं। कई जगहों पर तो केडीए और नगर निगम ने सड़कें सही से नहीं बनाई कई कालोनी मे सडके ना होने से स्थानीय लोगों का घर से बाजार आना-जाना भी बेहद मुश्किल हो गया है। आखिर कब आम जन को इस समस्या से प्रशासन दिलाए गा निजात..?

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवतियों की हुई प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा मे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिसव अभियान में सोमवार को जिले के 82 चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की गई और परामर्श दिया।

सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बताया कि अभियान में 1200 गर्भवतियों का बीपी और 1181 का तापमान नोट किया। 1142 गर्भवतियों के खून की जांच हुई। 772 गर्भवतियों को आईएफए की गोलियां और 66 को आईवी आयरन सुक्रोज दिया गया। साथ ही गर्भवतियों की विभिन्न जांचे, यूरीन टेस्ट, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, वजन, उंचाई आदि जांचा गया। 42 गर्भवतियों की सोनाग्राफी जांच की गई। कुछ गर्भवतियों में जटिलता हाई रिस्क पाई गई।

अधीकृत निजी केंद्रों पर नि:शुल्क सोनोग्राफी के लिए कई गर्भवतियों को मां वाउचर योजना के कूपन भी जारी किए गए। अभियान में गर्भवतियों को प्रसव की तैयारी एवं परिवार नियोजन की जानकारी भी दी गई। गर्भवतियों को शिशुओं के स्तनपान, पोषण व टीकाकरण के बारे में भी बताया गया। पोष्टिक आयरनयुक्त आहार, मिलेट्स लेने की सलाह दी गई। गर्भवतियों का टीकाकरण भी हुआ। विभाग के अधिकारियों ने अभियान की मॉनिटरिंग की।

# बाबा रामदेव जी की शोभा यात्रा धूमधाम से निकली



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** रूणिच्जा बाबा रामदेव जी के जन्मोत्सव पर मेघवाल समाज कि और से बाबा रामदेव जी की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन हुआ। रूणिच्जा बाबा रामदेव जन्मोत्सव मेघवाल समाज समिति के अध्यक्ष व यात्रा के मुख्य संयोजक रामरतन सामरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ, हजारों श्रद्धालुओं के सान्निध्य में भव्य जुलूस शोभायात्रा निकाली गई। जुलूस के शुभारंभ में धार के बालाजी मंदिर में अमर सिंह पुजारी जी द्वारा विधि विधान से बालाजी की पुजा अर्चना की उसके गोकुल धाम पिठादिश रमेश दास जी की मोजूदगी में जुलूस का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि पुर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने हरि झण्डी दिखा कर जुलूस रवाना किया। अध्यक्षता मुख्य संरक्षक राजेश मेहरड़ा ने की विशिष्ट अतिथि मुकेश मेघवाल जिला प्रमुख पुर्व विधायक चन्द्रकान्ता मेघवाल, राखी गोत्तम बाबूलाल गुप्ता कालूलाल चंद्रशेन रहे जुलूस में विशेष आकर्षण तारा देवी किनर राजपुरोहित व सुन्दर लाल मेघवाल जिला नीमच मध्यप्रदेश रहे। जुलूस में बाबा रामदेव जी डाली बाई गोकुल दास जी सेवा दास जी बाबा रामदेव के परिवार रामदेव जी गुरु बाली नाथ जी भेरू राक्षस आदि झांकियां रही ऊंट गाड़ी घोड़े की सवारी कच्ची घोडी नृत्य डिजे पर बाबा रामदेव जी के भजनों में बाबा के भक्तो ने मेघवाल समाज की महिला पुरूषों ने डांस किया जुलूस में हजारों की तादाद में मेघवाल समाज उपस्थित रहा । जुलुस धार के अखाड़े से उम्मेदसिंह स्टेडियम तक शान्ति पुर्वक निकला ।

# विपरीत परिस्थितियों में भी आत्मशुद्धि बनाए रखें - आर्यिका विभाश्री माताजी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** दिगंबर जैन मंदिर इन दिनों अध्यात्म, साधना और आत्मचिंतन का केंद्र बना हुआ है। परम पूज्य आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज एवं आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज की पावन सन्निधि, गणिनी प्रमुख आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी तथा आर्यिका श्री 105 विनयश्री माताजी (संघ सहित) के निर्देशन में 13 पिच्छियों का भव्य चातुर्मास उत्सव धार्मिक गरिमा और अनुशासन के साथ विज्ञान नगर स्थित दिगम्बर जैन मंदीर मे संपन्न हो रहा है। चातुर्मास समिति के गौरवाध्यक्ष राजमल पाटौदी एवं महामंत्री अनिल जैन ठौरा ने बताया कि दीप प्रज्वलन एवं शास्त्र भेंट का पुण्य अवसर श्रावक श्रेष्ठि परिवार महेंद्र, विमलेश,नितेश,रूपल ,सौरभ ,शुभि ,रोनित, निया, प्राव्या, मिस्का जैन कसलीवाल दादाबाडी को प्राप्त हुआ।

# क्षत्राणी ग्रुप ने मनाया तीज उत्सव- राजपूती संस्कृति की दिखी झलक



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** क्षत्राणी ग्रुप ने बूंदी-कोटा रोड स्थित एक रिसोर्ट में धूमधाम से तीज उत्सव का आयोजन किया। इस भव्य कार्यक्रम में राजपूती संस्कृति और परंपराओं की अनूठी झलक देखने को मिली। ग्रुप की अध्यक्ष राज कंवर हाड़ा और डायरेक्टर देवेश कंवर के नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव में पूरे राजस्थान से क्षत्राणियों ने हिस्सा लिया।

### प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति

कार्यक्रम का शुभारंभ वीआईपी गेस्ट रानी रोहिणी कुमारी और चीफ गेस्ट सपना सिंह (ठिकाना प्रतापगढ़) की उपस्थिति में हुआ, जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर क्षत्राणी ग्रुप की पूरी कार्यकारिणी मौजूद थी, जिसमें उपाध्यक्ष पूजा कंवर, संरक्षक दीप्ति अशावत, चैनल मैनेजर बाईसा नेहल कंवर, महासचिव सुनीता कंवर, संगठन मंत्री कुसुम लता सिंह और सांस्कृतिक मंत्री साक्षी शक्तावत शामिल थीं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतियोगिताएं

इस उत्सव के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने बेस्ट तीज, बेस्ट लहरिया, फुटरा बाईसा, सिंगल और सामूहिक डांस जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायकों में यशवी सिंह, डॉ. उर्मिला सिंह सोलंकी, शैलजा सिंह (जयपुर से) और वंदना सिंह भाटी शामिल थीं।

### इन प्रतियोगिताओं के विजेता इस प्रकार रहे।

बेस्ट तीज- प्रियंका हाड़ा
कजरारी तीज- विशु चौहान

### सोलो डांस (विवाहित बाईसा)-दिव्या कंवर

सोलो डांस (अविवाहित बाईसा)- हरतिका सिंह चौहान, इस दौरान कार्यक्रम का एक और खास आकर्षण पूनम सिंह द्वारा दिखाई गई तलवार कलाकृति और कलाकार नेहा द्वारा अग्नि नृत्य का विशेष प्रदर्शन रहा, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रुप द्वारा सहारा अपनों की योजना भी चलाई जाती है, जिसमें आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों की मदद की जाती है।

### परंपराओं को जीवित रखने का प्रयास

इस मौके पर ग्रुप की डायरेक्टर देवेश कंवर ने कहा,इस तरह के कार्यक्रम हमारी राजपूती संस्कृति और तीज-त्योहारों की परंपरा को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समाज में एकता और संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया।

# दो स्कूलों का जर्जर भवनों का मामला कोर्ट में पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** जिले के दो सरकारी स्कूलों का जर्जर भवनों का मामला अदालत में पहुंच गया है। इन जर्जर भवनों की दशा को सुधारने को लेकर वकील सहित तीन जनों ने स्थाई लोक अदालत में जनहित याचिका पेश की है। इस पर लोक अदालत ने जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक कोटा, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालीपुरा एवं राजकीय उच्च माध्यमकि विद्यालय बनियानी को नोटिस जारी कर उनसे जवाब-तलब किया है। याचिका पर सुनवाई 8 सितंबर को होगी। वकील लोकेश कुमार सैनी, धर्मबंधुआर्य, व अन्य ने अपनी याचिका में बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालीपुरा वर्तमान में बेकार हालत में चल रहा है। यह पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। कई कमरों की दीवारों में गहरी दीवारे आ चुकी है। जिनमें बच्चों का बैठना खतरा है। इस कारण विद्यार्थियों को हनुमान मंदिर परिसर में टीनशेड के नीचे पढ़ाई के लिए बैठना पड़ रहा है। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि विद्यालय में कक्षों की कमी से विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। स्थानीय लोगों ने विद्यालय के लिए नई भूमि आवंटन और खेल मैदान के लिए उच्च अधिकारियों के लिए प्रार्थना पत्र दिए हैं। परन्तु अब तब कोई कार्यवाही नहीं हुई है। विद्यालय भवन कभी भी गिर सकता है और बड़ा हादसा होना तय है। लाड़पुरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनियानी में राजकीय उच्च माध्यमकि विद्यालय की हालत बहुत खराब है।

# दृष्टि शिविर के तहत बच्चों को नंबर के चश्मे बांटे

## विशेषज्ञों ने बताए आईफ्लू से बचने के उपाय



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जेसीआई कोटा स्टार द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय सन्तोषी नगर में ऑपरेशन दृष्टि के तहत निशुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित किया। पूर्व अध्यक्ष संजय गोयल ने बताया कि आजकल बच्चों में मोबाइल के व्यसन के कारण आँखों में दृष्टि दोष आ गया है। समय समय पर नेत्र जांच करके इसका पता लगने पर उपचार संभव है। संस्था के अध्यक्ष तनुज खण्डेलवाल व चेयरपर्सन रितू खण्डेलवाल ने बताया कि राजकीय माध्यमिक विद्यालय आवासन मण्डल सन्तोषी नगर में एक हफ्ते पहले क्लब द्वारा 200 बच्चो की आंखों की जांच की गई थी। उनमे से 35 बच्चों की आंखें कमजोर पाई गई थीं। उन बच्चों को आज चश्में वितरित किद्द गए। कार्यक्रम निदेशक श्याम सोनी ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यअतिथि भाजपा कोटा के अध्यक्ष राकेश जैन थे। उन्होंने इस काम के लिए जेसीआई कोटा स्टार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जब जरूरत हो जब ही मोबाइल को काम मे लें। ऑप्टोमेट्रिस्ट प्रशांत तेहल्यानी ने बरसात के मौसम में आई फ्लू से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि आंखों के डॉक्टर को दिखाकर ही आंखों में दवाई डालनी चाहिए। काला चश्मा लगाना चाहिए। हाथों को बार-बार साबुन या सैनिटाइजर से धोएं। संक्रमित व्यक्ति से हाथ न मिलाएं और उनकी चीजों को न छुएं। भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचें। आंखों को बार-बार न छुएं और न ही रगड़ें। आंखों से पानी आने पर किसी साफ कपड़े से साफ करें, अगर आपको आई फ्लू है, तो खुद को आइसोलेट (अकेला) रखें, कॉन्टैक्ट लेंस लगाते हैं, तो कुछ समय के लिए उनका इस्तेमाल बंद कर दें। इम्यून सिस्टम मजबूत करने पर ध्यान दें, आई फ्लू को लेकर हेल्थ गाइडलाइन का पालन करें। सचिव राजकुमार मित्तल ने बताया की क्लब द्वारा आगे भी आंखों व दांतो के जांच शिविर लगाए जाएंगे।

# एक पेड़ - एक जीवन का संकल्प, विद्यालय में लायंस क्लब कोटा स्टार का हरित अभियान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** लायंस क्लब कोटा स्टार और अभिषेक मॉन्टेसरी माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय परिसर में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर 105 फलदार, छायादार व औषधीय पौधे रोपे और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब सचिव लायन निधि शर्मा ने कहा



कि पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का आधार हैं। विद्यालय प्रशासक रामनिवास नागर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा पौधे लगाना सेवा है, और उनकी देखभाल सच्ची साधना। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था पौधे लगाने में इन सभी का विशेष योगदान लायन निधि शर्मा, लायन महावीर मेघवाल, विद्यालय स्टाफ से दिनेश नागर,दिव्या नागर,वीरेंद्र कुमार,अमन नागर विशेष योगदान प्राप्त हुआ अंत में सभी ने हरे पेड़ - स्वच्छ वातावरण, उज्ज्वल भविष्य की पहचान का नारा लगाया।

# सांसद ने उठाया नवनिर्मित हाइवे एनएच 162-ई की खामियों का मुद्दा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने लोकसभा में नियम 377 के तहत राजसमंद संसदीय क्षेत्र से जुड़े एक अहम मुद्दे को उठाते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 162-ई पर हल्दीघाटी, खमनोर से निचली ओडन तक बने मार्ग में गंभीर खामियां सामने आ रही हैं। इन कमियों के कारण आमजन को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और सड़क हादसों का खतरा बढ़ा हुआ है। सांसद ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान जहाँ पहाड़ियां काटी गईं, वहाँ पत्थरों और पहाड़ों के दरकने की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहीं आवश्यक सुरक्षा उपायों का भी अभाव है। सड़क किनारे रेलिंग जैसी बुनियादी सुरक्षा व्यवस्थाएं पर्याप्त रूप से नहीं लगाई गईं। उन्होंने कहा कि निचली ओडन से हल्दीघाटी तक करीब 13 किलोमीटर लंबे टू-लेन मार्ग पर लगभग 25 अत्यधिक घुमावदार मोड़ हैं। विशेषकर सरसूनिया क्षेत्र में पिछले एक माह में कई सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें जनहानि भी हुई है। साथ ही, नियमों के अनुसार सड़क किनारे पौधारोपण कार्य भी नहीं किया गया है, जिससे पर्यावरण और सुरक्षा दोनों दृष्टियों से स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। महिमा कुमारी मेवाड़ ने सरकार से मांग की कि इस सड़क पर सुरक्षा मानकों की तत्काल समीक्षा की जाए। घुमावदार मोड़ों को सुधारा जाए, पर्याप्त रेलिंग लगाई जाए, दरकते पत्थरों से बचाव हेतु उपाय किए जाएं और पौधारोपण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि हादसों पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम तत्काल प्रभाव से उठाए जाने चाहिए, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# रेलवे ने किसानों की भूमि अधिकृत की, मुआवजा भुगतान अटका; दो महीने से चक्कर काट रहे किसान



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** धौलपुर से बाड़ी, सरमथुरा, करौली होकर गंगापुर तक बिछाई जा रही बड़ी रेल लाइन के लिए रेलवे ने किसानों की भूमि अधिकृत कर ली है। ट्रैक निर्माण कार्य तो तेज़ी से चल रहा है, लेकिन प्रभावित किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। मुआवजे की फाइलें दो महीने पहले जमा हो चुकी हैं, मगर कार्रवाई ठप पड़ी है। इस देरी से किसान भारी परेशानी में हैं। कोई अपनी बेटी की शादी के लिए तो कोई रोज़गार और धंधे के लिए मुआवजे का इंतज़ार कर रहा है। समस्या को लेकर एक दर्जन से अधिक किसान सोमवार को बाड़ी तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा से मिले और गुहार लगाई। गुमट क्षेत्र इमली चौक निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग अहमद खान पुत्र अयूब खान ने बताया कि उनकी बेटी की शादी तय हो चुकी है और मात्र डेढ़ महीने का समय बचा है। भूमि अधिग्रहण का मुआवजा नहीं मिलने से शादी की तैयारियां अधर में लटक गई हैं। अहमद खान का कहना है कि वे दो महीने से तहसील और एसडीएम कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। इसी तरह नईम खान ने बताया कि टोटरी रोड, अलीगढ़ रोड और रानपुर रोड क्षेत्र में शाकिर खान पुत्र मेंबर खान, साबिर अली खान, हैदर अली पुत्र उमरदराज, मोहम्मद अली, इकबाल खां पुत्र हबीब खान सहित दर्जनों परिवारों की भूमि रेलवे ने अधिग्रहित की है। फाइलें जमा हुए दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक किसी को मुआवजा नहीं मिला। इस मामले में तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा ने आश्वासन दिया कि फाइलों की प्रगति की जानकारी तुरंत ली जाएगी और जल्द से जल्द किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए धौलपुर एसडीएम से बात की जाएगी।

# संतुलित भोजन से ही संभव है स्वस्थ जीवन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पांडेय)।** कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति के स्वस्थ रहने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका संतुलित भोजन की होती है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ पर्यावरण और सकारात्मक परिवेश भी जरूरी हैं, लेकिन शरीर को आवश्यक पोषण केवल संतुलित आहार से ही मिल सकता है। डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि अक्सर लोग केवल चपाती, चावल या थोड़ी-सी सब्जी को ही संतुलित भोजन मान लेते हैं, जबकि यह पर्याप्त नहीं है। किसी वयस्क व्यक्ति के लिए प्रतिदिन 300-400 ग्राम सब्जी, 150-200 ग्राम फल, 70-75 ग्राम दाल तथा 500 मिलीलीटर दूध या छाछ के साथ-साथ आवश्यक मात्रा में कार्बोहाइड्रेट्स, वसा, प्रोटीन, खनिज लवण और विटामिन लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि महंगे फल-सब्जियों की बजाय बाजार में उपलब्ध मौसमी व सस्ती सब्जियां और फल भी उतने ही पौष्टिक हैं। आज बच्चों और महिलाओं में बढ़ता कुपोषण चिंता का विषय है। पिज्जा, बर्गर और प्रोसेस्ड फूड स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, जबकि घर का बना ताजा भोजन अधिक लाभकारी है। डॉ. सिंह ने विशेष रूप से छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए संतुलित आहार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हमारी पहली आवश्यकता भोजन है, इसलिए सभी को संतुलित आहार के प्रति जागरूक होना चाहिए।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर कलेक्टर सख्त, दिए एंटी-लार्वा गतिविधियां और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (नि.स.)।** जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पानी, बिजली और मौसमी बीमारियों से संबंधित साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पेयजल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था और मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सीएमएचओ और नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि जलभराव वाले क्षेत्रों में नियमित रूप से एंटी-लार्वा गतिविधियां और फॉगिंग करवाई जाए। इस अभियान में राजीविका की महिलाओं का सहयोग लेने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जनाना और आरबीएम अस्पताल की सफाई व्यवस्था में सुधार करने पर जोर देते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त कलेक्टर शहर को अस्पतालों का औचक निरीक्षण करने के लिए कहा गया।

उन्होंने महिला अधिकारिता और चिकित्सा विभाग को परस्पर समन्वय स्थापित कर लाडो प्रोत्साहन योजना के लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त श्रवण विश्नोई को निर्देश दिया गया कि वर्षा के समय जलभराव वाली कॉलोनियों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए और स्थायी ड्रेनेज सिस्टम की योजना तैयार की जाए। साथ ही सेवर बाईपास और खादी वाला नाला क्षेत्र में जल निकासी के उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर ने शिक्षा और चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए कि सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को नीली और गुलाबी आयरन की गोलियां जल्द उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने पंचायतों में घुमंतू एवं आवासहीन परिवारों को आवासीय पट्टे वितरण की कार्ययोजना बनाकर पात्रजनों को लाभ पहुंचाने पर भी जोर दिया। सभी विभागों को गिव-अप अभियान और पीएम विश्वकर्मा योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यस्थलों पर महिलाओं के प्रति लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक संस्था में आंतरिक शिकायत समिति गठित करने को कहा गया। कृषि विभाग को तिलहन उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने, वैज्ञानिक तकनीक के प्रचार-प्रसार और नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल योजनांतर्गत आवेदन प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की बजट घोषणाओं को शीघ्र लागू करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है और प्रत्येक घोषणा की नियमित समीक्षा की जाएगी। साथ ही राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध और सारगर्भित निराकरण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा, एडीएम सिटी राहुल सैनी, निदेशक घना मानस सिंह, सचिव बीडीए नीलिमा तक्षक, एसडीएम राजीव शर्मा, एसीईओ विनय मित्र, सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# वैष्णो देवी दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं की पिकअप पलटी, 25 घायल, 5 की हालत गंभीर

बढ़ता राजस्थान



**रूपवास/भरतपुर (नि.स.)।** वैष्णो देवी दर्शन के लिए रवाना हुए श्रद्धालुओं से भरी पिकअप सोमवार को रूपवास उपखंड के जरैला गांव के पास अचानक सड़क पर आए गौवंश को बचाने के प्रयास में पलट गई। हादसे में करीब 25 यात्री घायल हो गए, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे की सूचना मिलते ही रूपवास थाना प्रभारी चंद्रमोहन, एएसआई हरदम सिंह, कांस्टेबल अमित, श्रीनिवास, अभिषेक तथा आरएसी जाप्ते सहित पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को तुरंत रूपवास उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद 8 गंभीर घायलों को भरतपुर जिला आरबीएम अस्पताल रेफर किया गया। रूपवास उपजिला चिकित्सालय इंचार्ज बीसीएमओ डॉ. लखन चौधरी ने बताया कि कुल 18 घायलों को अस्पताल लाया गया, जिनमें से 8 को जिला अस्पताल भेजना पड़ा। इनमें 5 की स्थिति नाजुक बनी हुई है। रूपवास उपखंड अधिकारी विष्णु बंसल भी मौके पर पहुंचे और घायलों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिला कलक्टर को घटना की सूचना दी और डॉक्टरों को हर पल अपडेट देने के निर्देश दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चक सामरी गांव से 25 श्रद्धालु पिकअप से आगरा रेलवे स्टेशन जा रहे थे। भरतपुर से उनका ट्रेन रिज़र्वेशन था। रास्ते में जरैला गांव के पास अचानक गौवंश सामने आ गया।

उसे बचाने के चक्कर में ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और पिकअप पलट गई। हादसे में केशव देव, राकेश कुमार, रामवीर, नत्थीलाल, विधा देवी, धर्म सिंह, प्रेमवती, राजेन्द्र, साहबसिंह, भगीचन्द, सावित्री, आरती, महेश, विजय, पप्पू, रज्जो और कल्पना समेत कई यात्री घायल हुए हैं। वाहन चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है और बताया जा रहा है कि उसके हाथ की चार उंगलियां कट गईं। भरतपुर आरबीएम अस्पताल में घायलों का उपचार जारी है, वहीं जिन यात्रियों को हल्की चोटें आई थीं उन्हें रूपवास चिकित्सालय से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# लैब टेक्नीशियन कर्मचारियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## निजीकरण का विरोध व 4200 ग्रेड पे की मांग



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ ने सोमवार को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखीं। इस दौरान संघ के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर लैब सेवाओं के निजीकरण का विरोध जताया। कर्मचारियों ने कहा कि चिकित्सा विभाग में संक्रमण संबंधी जांचों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन नई भर्तियां नहीं की जा रही हैं। अन्य राज्यों में लैब टेक्नीशियन को 4200 ग्रेड पे मिलता है, जबकि राजस्थान में मात्र 2800 ग्रेड पे दिया जा रहा है। संघ ने दूसरे ज्ञापन में जांचों के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि हब एंड स्पोक मॉडल में प्रतिवर्ष 200 करोड़ रुपए का एमओयू किया गया है, जबकि इससे कम लागत में ही आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं।

# सचिव रेखा यादव ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का आकस्मिक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सदस्य सचिव एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव ने सोमवार को राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुल 13 विधि से संघर्षरत बालक, एक देखरेख एवं संरक्षण में और एक शिशु उपस्थित मिले। सचिव ने बाल अपचारियों की पढ़ाई, मूलभूत सुविधाएं, शौचालय एवं स्नानघर की साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। शिशु की दवाइयों और बीमारी से संबंधित मेडिकल पर्चों की जांच कर स्टाफ को उचित देखभाल के निर्देश दिए। वहीं एक बालक से पढ़ाई और परीक्षाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद सचिव ने विधि से संघर्षरत बालकों से एक-एक कर उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी ली। अधिकांश ने पॉक्सो प्रकरणों का जिक्र किया। सचिव ने उन्हें अपराधों से दूर रहकर जीवन को बेहतर बनाने की प्रेरणा दी और नालसा की बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं योजना 2024 तथा स्कूल छोड़ने वाले एवं वंचित बच्चों के लिए विधिक सहायता योजना 2025 के अंतर्गत संवैधानिक विधिक अधिकारों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान परिसर में उचित साफ-सफाई पाई गई। किशोरों से केस की पैरवी और निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बातचीत की गई। चिकित्सीय सुविधा की जानकारी में बताया गया कि हर महीने डॉक्टर द्वारा जांच कराई जाती है। निरीक्षण के दौरान सचिव ने पाकशाला, शौचालय, पेयजल एवं मच्छरदानी जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरे सक्रिय पाए गए। भोजन की जांच में बताया गया कि नाश्ते में किशोरों को पोए और चाय दी गई, जबकि दोपहर के भोजन में चावल, दाल और रोटी परोसी गई। इस अवसर पर प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट नीत, कनिष्ठ सहायक संजय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टेनो उपस्थित रहे।

# डांग में 23 से 26 अगस्त तक लगेगा बाबू महाराज का लक्खी मेला, सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर बैठक

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड क्षेत्र के डांग स्थित कूदिन्ना ग्राम पंचायत के थून थान पर 23 से 26 अगस्त तक बाबू महाराज का लक्खी मेला आयोजित होगा। इस अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मेला राजस्थान के साथ ही उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब सहित कई राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का आस्था केंद्र बनता है। मेला आयोजन को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में मेला कमेटी, पंच पटेल, मंदिर भगत और पुलिस प्रशासन की बैठक हुई। मेला कमेटी अध्यक्ष मास्टर भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि मेले के दौरान भीड़ नियंत्रण व दर्शन व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की मांग की गई है। साथ ही, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था और मंदिर तक पहुंचने वाली सड़कों की पूर्व मरम्मत कराने का मुद्दा भी उठाया गया। बैठक में मेला स्थल पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। बताया गया कि इस संबंध में पूर्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है। 25 अगस्त, भाद्र मास शुक्ल पक्ष की दौज को विशेष जात आयोजित होगी, जब सबसे अधिक भीड़ उमड़ने की संभावना है। मेला कमेटी के कोषाध्यक्ष राम मुकुट गुर्जर ने गत वर्ष 2024 के मेले की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में उपाध्यक्ष सरनाम सिंह मास्टर, सचिव शीशराम गुर्जर, बाबू के भगत लालसिंह व देवी सिंह, पंच पटेलों समेत अनेक ग्रामीण व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मजदूर को कुचलने वाला चालक गिरफ्तार

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना इलाके में कार से एक मजदूर को कुचलने वाले चालक और अन्य के खिलाफ पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम आरोपितों की तलाश में सीकर के श्रीमाधोपुर, नागौर और दिल्ली में दबिश दे रही है। हालांकि पुलिस टीम ने स्कॉर्पियो कार को जब्त कर कार चलाने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया हैं। थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि कार से एक मजदूर को कुचलने वाले चालक और अन्य के खिलाफ पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया गया है। साथ ही कार चलाने वाले आरोपित कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया हैं। वहीं मारपीट करने वाले सुभाष और एक अन्य व्यक्ति की तलाश पुलिस टीमें कर रही हैं। इस घटना के बाद आरोपित कार लेकर जयपुर से बाहर निकल गए थे।

# भारत विकास परिषद शाखा ने प्रतिभाओं का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा भुसावर की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल की अध्यक्षता तथा रोहित सिंघल के संयोजन में हुआ। समारोह का शुभारंभ भारत माता और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

समारोह में हाल ही में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में आयोजित दीक्षांत समारोह में विद्या वाचस्पति की उपाधि प्राप्त करने वाले कस्बे के पूर्व पार्षद गोविन्द सोनी के पुत्र छैल बिहारी सोनी, चरनसिंह धाकड़ की पुत्री नीतेश धाकड़, तथा मोहन स्वरूप सर्राफ के पौत्र प्रत्युश सिंघल का सम्मान किया गया। प्रत्युश का चयन विश्वविख्यात कोलंबिया यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क में साइंस रिसर्च हेतु हुआ है। सम्मानित प्रतिभाओं को दुपट्टा ओढ़ाकर और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर नीरज शर्मा, ताराचंद, हेमन्त पाण्डेय, बृजेश जिंदल, दिलीप सिंघल, वेदप्रकाश, भगवानसिंह, कृष्ण शर्मा, शैलेश पाण्डेय, नवीन मित्तल, धीरज पाण्डेय, विजय अग्रवाल, मनीष मलिक, अमित सिंघल, श्याम सुंदर, उमेश सिंघल, शैलेश मित्तल, सीमा मनोचा, लवकेश सैनी, राजेंद्र गर्ग, राहुल सिंघल, नित्यानंद शर्मा, प्रमोद बंसल, प्रदीप मित्तल, कृष्ण मित्तल, मोहन सिंघल, अजय, निक्कू सोनी, राजश्री मलिक, राजवीर सिंह, रोशन सैनी, वीरेन्द्र पाण्डेय, विमलचंद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# राजसमंद के मार्बल उद्योग पर संकट गहराया, 20 दिन से ठप पड़ा लदान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राज्य सरकार द्वारा मार्बल पर रॉयल्टी बढ़ाए जाने के बाद जिले का मार्बल उद्योग गहरे संकट में आ गया है। सरकार ने 23 जुलाई को जारी नोटिफिकेशन के तहत रॉयल्टी 320 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 400 रुपये कर दी। इसके विरोध में खदान मालिकों ने 1 अगस्त से खदानों से लदान पूरी तरह बंद कर दिया है। सोमवार को लगातार 18वें दिन भी खदानों से कोई ब्लॉक बाहर नहीं निकला। इस बंदी से करीब 2 लाख लोग प्रभावित हो रहे हैं। सोमवार को स्टोन इंडस्ट्री से जुड़े सभी संगठनों ने बैठक कर 19 अगस्त, मंगलवार को कलेक्ट्रेट का घेराव करने का निर्णय लिया। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि रॉयल्टी पूर्व दरों पर नहीं लाई गई तो आंदोलन और अधिक तेज किया जाएगा। पहले चरण में सभी उद्योग अपने बिजली कनेक्शन तक कटवाने की तैयारी में हैं। इस प्रदर्शन में मार्बल माइनिंग एसोसिएशन, मार्बल गैंगसा एसोसिएशन, कटर एसोसिएशन और ट्रक एसोसिएशन शामिल होंगे। मार्बल माइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव सिंह राठौड़ ने कहा कि तीन वर्षों से मंदी झेल रहे व्यवसाय पर 80 रुपये की अतिरिक्त मार पड़ने से कारोबार ठप हो गया है। ऊपर से 18 प्रतिशत जीएसटी ने उद्योग को और गहरी खाई में धकेल दिया है। वहीं, एसोसिएशन के संरक्षक तनसुख बोहरा ने कहा कि सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और बढ़ी हुई दरें वापस लेनी चाहिए। व्यापारियों का कहना है कि रॉयल्टी बढ़ने से अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

लगभग 20 हजार श्रमिकों पर रोजगार का संकट मंडरा रहा है और कई श्रमिक पलायन कर चुके हैं। व्यापारी वर्ग का कहना है कि यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो आंदोलन और भी उग्र किया जाएगा।



# विधायक कृपलानी की अनुशंसा पर मांगरोल से पालछा तक 30 किमी ग्रामीण सड़क को एमडीआर का दर्जा

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** राजस्थान सरकार ने विधायक एवं पूर्व नगरीय विकास मंत्री श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर मांगरोल से पालछा तक की ग्रामीण सड़क को मुख्य जिला सड़क (एमडीआर) में क्रमोन्नत करने के आदेश जारी किए हैं।

विधायक कृपलानी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-79 स्थित मांगरोल से एमडीआर-20 पालछा तक लगभग 30 किलोमीटर लंबी यह सड़क मांगरोल, अरनिया जोशी, अरनोदा, मेवासा, उदपुरा होकर पालछा को जोड़ती है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों का आवागमन होता है। क्षेत्र की सुविधा को देखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी से इसे एमडीआर का दर्जा देने का आग्रह किया था।

सरकार द्वारा आदेश जारी होने पर क्षेत्रवासियों ने विधायक कृपलानी सहित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हिंडोली में निजी स्कूल संचालकों की बैठक, बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा पर जोर

## यू-डाइस, आरटीई, छात्रवृत्ति, और साइबर सुरक्षा पर दिए गए जरूरी निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले के हिंडोली ब्लॉक के निजी स्कूल संचालकों की एक अहम बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता उपखंड अधिकारी शिवराज मीणा ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करना था। इसमें मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शीशराम कुल्हेरी और बीईईओ बुद्धाराम समेत कई शिक्षा अधिकारी मौजूद थे।

### शिक्षा विभाग की योजनाओं पर चर्चा

बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, पोर्टल अपडेट्स और स्कूलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने सभी स्कूलों को सरकारी नियमों का गंभीरता से पालन करने के लिए कहा। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शीशराम कुल्हेरी ने कहा, स्कूल सिर्फ पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम हैं। निजी स्कूलों को चाहिए कि वे सरकारी योजनाओं का ईमानदारी से पालन करें। समय पर यू-डाइस, पीएसपी जैसे पोर्टल्स पर एंट्री करें और पात्र छात्रों को स्कॉलरशिप का लाभ दिलाएं।

### जरूरी निर्देश और सावधानियां

अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बुद्धाराम ने स्कूलों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लगाए गए पौधों की जियो टैगिंग कराएं। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को इंस्पायर अवॉर्ड के लिए अधिक से अधिक आवेदन करने के लिए प्रेरित करें। डीबीटी प्रक्रिया और आधार वेरिफिकेशन समय पर पूरा करें। शिक्षकों को पॉक्सो एक्ट के तहत जागरूक करें और साइबर सुरक्षा को गंभीरता से लें। इसके अलावा, बाल सुरक्षा समिति के गठन, स्कूल भवन का सुरक्षा सर्टिफिकेट, शिकायत निवारण प्रणाली, और वाहन सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। स्कूलों को अपार आईडी से जुड़ी जानकारी भी दी गई। उपखंड अधिकारी शिवराज मीणा ने सभी स्कूल संचालकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों को सबसे ऊपर रखें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के आखिर में स्कूल संचालकों ने अधिकारियों को सभी निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

# अग्रवाल समाज संपत्ति ट्रस्ट भीलवाड़ा के चुनाव संपन्न

## सभी सात पदों पर अग्र एकता मंच की जीत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** (अमित शर्मा) श्री अग्रवाल समाज संपत्ति ट्रस्ट, भीलवाड़ा की नई कार्यकारिणी के चुनाव उत्साहपूर्ण माहौल और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ सम्पन्न हुए। सभी सात पदों पर अग्र एकता मंच के प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त की। मुख्य चुनाव अधिकारी दीपक मित्तल (एडवोकेट) ने बताया कि ट्रस्ट के सात पदों में से छह पर कुल 13 प्रत्याशी मैदान में थे। पाँच पदों पर सीधा मुकाबला हुआ जबकि सहमंत्री पद पर त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिला। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रहलादराय बंसल निर्विरोध निर्वाचित हुए। मतदान अग्रवाल उत्सव भवन, रोडवेज बस स्टैंड के सामने सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक हुआ, जिसमें 2113 मतदाताओं में से 1361 ने मताधिकार का उपयोग किया। इस प्रकार लगभग 65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सहायक चुनाव अधिकारी अभिषेक अग्रवाल (सीए) ने बताया कि मतगणना शाम 7 बजे शुरू होकर रात 11 बजे तक चली। परिणाम इस प्रकार रहे – अध्यक्ष पद पर पवन खेमका ने अपने प्रतिद्वंद्वी हनुमान अग्रवाल को 72 मतों से हराया। उपाध्यक्ष पद पर घनश्याम मुकुंद अग्रवाल ने राकेश मानसिंहका को 369 मतों से पराजित किया। महामंत्री पद पर मुकेश कुमार अग्रवाल ने पंकज गर्ग को 224 मतों से, सहमंत्री पद पर मुकेश कुमार पाटोदिया ने विजय कुमार अग्रवाल को 453 मतों से, कोषाध्यक्ष पद पर रवि कुमार नरेडी ने बालकिशन अग्रवाल को 281 मतों से तथा सहकोषाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार मानसिंहका ने अजीत कुमार जैन को 486 मतों से हराकर जीत दर्ज की। विजय की घोषणा के बाद समर्थकों ने आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। विजेताओं ने सभी मतदाताओं व समर्थकों का आभार जताते हुए अग्रवाल मंदिर धानमंडी पहुंचकर भगवान अग्रसेन का आशीर्वाद लिया और आगामी अग्रसेन जयंती की तैयारियों पर चर्चा की।

# राष्ट्र हीत में आम नागरिक स्वदेशी वस्तुए अपनाये- प्रज्ञान सागर महाराज

बढ़ता राजस्थान

**नैनवा (टी.आर सैनी)।** शांति वीर धर्म स्थल पर सोमवार को धर्म सभा में बोलते हुए प्रज्ञान सागर महाराज ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनने के लिए कई मर्तबा कहा गया है। आमजन को चाहिए कि वह विदेशी वस्तुओं का त्याग करे एंव स्वदेशी वस्तुएं अपनाए। इस युग में भोग के लिए नाना प्रकार की विदेशी कंपनियां अपना माल भारत में भेज रही है। उनको लोग प्रतिदिन इस्तेमाल करते हैं । वह वस्तुएं मनुष्य का स्वरूप बिगड़ रही है। नाना प्रकार के केमिकल से बनकर भोग की वस्तुएं भारत में आ रही है। यह ज्ञान मनुष्य को नहीं है,कि उसे बिना समझे बिना देखे उन वस्तुओं का भोग कर रहा है। जो गलत है। उन्होने कहा कि जैन धर्म को मानने वाला कभी भिखारी नहीं होता यह अहिंसा धर्म का प्रभाव है। जैन मुनि प्रसिद्ध सागर महाराज ने बताया पहले घरों में दादी मां छोटे-छोटे बच्चों को कहानियां सुनाती थी। वह कहानी बहुत ही संस्कारी होती थी। उन कहानी से बहुत ही ज्ञान प्राप्त होता था। आज के आधुनिक युग में कहानी को सुनने वाली दादी नहीं है।

# भाजपा जिला पदाधिकारियों की प्रथम बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर जोर

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी की नवगठित जिला कार्यकारिणी के मनोनीत पदाधिकारियों की प्रथम बैठक जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक की शुरुआत में जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने सभी पदाधिकारियों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। इसके बाद पदाधिकारियों ने अपना परिचय दिया। इस अवसर पर मेवाड़ा ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी अध्यक्ष के समान है, इसलिए सभी को एकमुखी होकर पार्टी के हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम सर्वश्रेष्ठ नहीं, बल्कि सहयोगी की भावना से कार्य करेंगे तो अपने दायित्व का निर्वहन और अधिक कुशलता से कर पाएंगे।

उन्होंने पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और उन्हें संगठन से जोड़ने का आह्वान किया। साथ ही सोशल मीडिया और आईटी माध्यमों से संगठन की गतिविधियों तथा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया और आभार महामंत्री कन्हैयालाल जाट ने व्यक्त किया। बैठक में जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, उपाध्यक्ष विशाल गुरुजी, श्रीमती मंजू चैचाणी, लक्ष्मण सिंह राठौड़, गोपाल तेली, अमर सिंह चौहान, कल्पेश चौधरी, अशोक तलाईच, कुलदीप शर्मा, मंत्री कांता शर्मा, राजेन्द्र बोहरा, आरती कोगटा, लादुलाल जाट, ललिता कंवर, सुरेन्द्र सिंह मोटरास, कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष पंकज मानसिंहका, प्रवक्ता मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, अनिल सिंह जादोन, भूपेन्द्र सिंह बिलिया, मीडिया संयोजक महावीर समदानी, मोनू छीपा, आईटी संयोजक अजय नौलखा, कुलदीप माथूर, सोशल मीडिया संयोजक रागिनी गुप्ता, महेन्द्र नायक, प्रकोष्ठ संयोजक बाबूलाल आचार्य, नन्दकिशोर राजपुरोहित सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आर्यन एकेडमी नाथडियास में सुदामा-कृष्ण मिलन का प्रभावी नाट्य मंचन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जन्माष्टमी के पावन पर्व पर नाथडियास स्थित आर्यन एकेडमी में छात्रों ने सुदामा-कृष्ण मिलन का भावपूर्ण नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रांगण में हुए इस कार्यक्रम में बच्चों के अभिनय और सजीव प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मोनिका सेन ने बताया कि विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों और ऐतिहासिक परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में हर त्यौहार और महापुरुषों के जीवन से जुड़ी घटनाओं पर आधारित नाट्य मंचन कर बच्चों को ज्ञान, संस्कार और प्रेरणा दी जाती है।

# व्रतधारियों ने मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों की यात्रा कर लिया दर्शन लाभ



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर के प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले श्री मंशापूर्ण महादेव व्रत के तहत सोमवार को व्रतधारियों ने सामूहिक पूजा-अर्चना करने के पश्चात मेवाड़ के प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा कर दर्शन लाभ लिया। जानकारी के अनुसार, श्री मंशापूर्ण महादेव व्रतधारी हर सोमवार को सोमेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और आराधना करते हैं। इसी क्रम में इस सोमवार को व्रतधारियों का दल अलसुबह बस द्वारा धार्मिक यात्रा पर रवाना हुआ। यात्रा के दौरान व्रतधारियों ने श्री रामेश्वर महादेव, श्री फरारा महादेव, मां वैष्णो देवी मंदिर तथा श्री एकलिंगनाथ महादेव सहित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन किए। विशेष रूप से श्री रामेश्वर महादेव मंदिर पर व्रत संबंधी पूजा-अर्चना कर शिवजी से आशीर्वाद प्राप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि व्रत की परंपरा के अनुसार एक बार सामूहिक पूजा-अर्चना मंदिर परिसर से बाहर किसी अन्य धार्मिक स्थल पर की जाती है। इसी परंपरा के निर्वहन हेतु इस यात्रा का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान से कोटड़ी में हरियाली की क्रांति

# रामबिलास मीणा की दूरदृष्टि और करण सिंह कानावत के नेतृत्व में कोटड़ी ब्लॉक बना 'ग्रीन मॉडल'

बढ़ता राजस्थान

**कोटड़ी (भीलवाड़ा)।** पंचायत समिति कोटड़ी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान को केवल योजना न बनाकर हरियाली का जनआंदोलन बना दिया है। विकास अधिकारी रामबिलास मीणा की प्रशासनिक दूरदृष्टि और प्रधान करण सिंह कानावत के सशक्त नेतृत्व से यह ब्लॉक पूरे राजस्थान में ग्रीन मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है। 2024 में 25,000 पौधों का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन लगाए गए 42,000 पौधे। वर्ष 2025 में अब तक 45,000 पौधे लगाए जा चुके हैं। अभियान की विशेषता यह है कि छायादार पौधों के साथ फलदार पौधों का भी रोपण हुआ है। यही नहीं, इस वर्ष कोटड़ी ब्लॉक में 3.50 लाख बीज डाले गए, जो आने वाले वर्षों में घने जंगल का रूप लेकर क्षेत्र को हराभरा बनाएंगे। ग्राम पंचायत आमा में मियावकी पद्धति से लगाए पौधे एक वर्ष में 7 फीट तक बढ़ चुके हैं और सघन वन का रूप ले रहे हैं। ग्राम पंचायत गेंदलिया में राखी पर महिलाओं ने पौधों को राखी बाँधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत मंसा में मियावकी वन ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। भविष्य की तैयारी के तहत कोटड़ी ब्लॉक की 20 ग्राम पंचायतों में नर्सरी विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। विकास अधिकारी रामबिलास मीणा का कहना है नर्सरी केवल पौधों का स्रोत नहीं, बल्कि हर गांव की हरियाली का भविष्य है। प्रधान करण सिंह कानावत का कहना है यदि हर परिवार एक पेड़ माँ के नाम बचाए, तो आने वाले वर्षों में कोटड़ी हरियाली का गहना बनेगा। स्वतंत्रता दिवस पर 'हरियालो राजस्थान' अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले गोपाल सिंह कानावत (कोठाज), लक्ष्मण गाडरी (उद्लियास), शिवराज जाट (बड़ला) और शिवलाल जाट (आकोला) को सम्मानित किया गया। 45,000 पौधारोपण, 3.50 लाख बीजरोपण और 20 ग्राम पंचायतों में नर्सरी विकास जैसी उपलब्धियाँ कोटड़ी को राजस्थान का ग्रीन ब्लॉक बनाने की ओर संकेत कर रही हैं।



# हजरत मंसूर अली बाबा दरगाह लंगर कमेटी की बैठक संपन्न, उर्स की तैयारियाँ तेज

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** तेजाजी चौक स्थित हजरत मंसूर अली रहमतुल्लाह अलैह दरगाह पर होने वाले 99वें उर्स मुबारक की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में दरगाह लंगर कमेटी की बैठक शहजाद खान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आने वाले जायरीन और मेहमानों की मेहमाननवाजी तथा लंगर प्रबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कमेटी के सरपरस्त असलम पठान ने बताया कि तीन दिवसीय उर्स 21 से 23 सितंबर तक दरगाह परिसर में आयोजित होगा। जायरीनों के खाने-पीने और ठहरने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कमेटी के सदर आजाद शाह की अध्यक्षता में सात सदस्यीय लंगर प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया। इसमें सलीम पठान, फिरोज मंसूरी, इकबाल पठान, इमरान खां पठान, शानू सिलावट और सलीम मंसूरी को सदस्य बनाया गया। यह कमेटी वालंटियर्स की नियुक्ति कर लंगर संचालन की देखरेख करेगी। उर्स के दौरान सभी सदस्य पहचान हेतु बैज पहनकर सेवाएँ देंगे। बैठक में हाल ही में घोषित भाजपा जिला कार्यकारिणी में वरिष्ठ नेता अब्दुल रशीद पठान को सदस्य बनाए जाने पर उनका अभिनंदन किया गया। साथ ही उमराह यात्रा पर जाने वाले गफ्फार खान का पुष्पमाला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कमेटी ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के प्रति आभार भी व्यक्त किया। विशेष अतिथियों ने नवगठित लंगर कमेटी के पदाधिकारियों को फूलमालाएं और साफा पहनाकर जिम्मेदारियाँ सौंपीं। बैठक में अकबरी अखाड़े के उस्ताद आरिफ मोहम्मद मेवाफरोश, अंजुमन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं दरगाह के चेयरमैन व पार्षद उस्मान खां पठान तथा सुफियान कब्रिस्तान कमेटी के सदर असलम खान पठान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों मेहबूब पेंटर, जाकिर हुसैन, आसिफ मीर, रफीक शेख, अल्फ़ेज़, मोहम्मद तनवीर, अमान पठान और शोएब खान ने सक्रिय भागीदारी की।

# कॉलेज में परीक्षा तिथियों में परिवर्तन की मांग

## एबीवीपी ने कुलपति के नाम सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** सुभाषचंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय, कपासन में आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तिथियों में परिवर्तन की मांग को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

एबीवीपी शाखा कपासन के सदस्य एवं युवा नेता नेहपाल सिंह लांगच ने बताया कि कॉलेज में 19 और 21 सितंबर को प्रस्तावित द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथियां छात्रों के लिए असुविधाजनक हैं। इसी कारण परिषद के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्राचार्य को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपकर छात्रों की समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान एबीवीपी इकाई अध्यक्ष योगेशगिरी गोस्वामी, पीयूष गोस्वामी, माधु जाट, रतन गोस्वामी, तारा, अनीता, अजय गोस्वामी, पवन, सूरज सहित परिषद के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 2 नवम्बर में मंसूरी समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान




**कपासन (नि.स.)।** मंसूरी समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन आगामी 2 नवम्बर, रविवार को दरगाह हज़रत दीवाना शाह साहब परिसर में किया जाएगा। इसी क्रम में सोमवार को सम्मेलन का पोस्टर विमोचन किया गया। मंसूरी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी उदयपुर के सदर अब्दुल लतीफ मंसूरी ने बताया कि सम्मेलन में शामिल होने वाले प्रत्येक दूल्हा-दुल्हन से 11,786 का शुल्क लिया जाएगा। साथ ही समाज की ओर से प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 21,500 की एफडी उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी। सोसायटी के सचिव जाहिद मोहम्मद मंसूरी ने बताया कि दरगाह हज़रत दीवाना शाह साहब रहमतुल्ला अलैह के बुलंद दरवाजे के बाहर पोस्टर विमोचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर दरगाह वक्फ कमेटी के सचिव मोहम्मद अब्बास मंसूरी, कपासन मंसूरी समाज के सदर हाजी मोहम्मद खां मंसूरी, अविविनि विभाग के पूर्व एक्सईएन इस्हाक मंसूरी, मुंशी मंसूरी, स्थानीय मंसूर अहमद मंसूरी, लतीफ मोहम्मद मंसूरी, हाजी अब्दुर्रहमान मंसूरी, मोहम्मद इस्माईल, कलीम मंसूरी, मोहम्मद इस्हाक (स्टार टेलर्स), मुबारिक हुसैन मंसूरी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। इससे पूर्व सोसायटी की ओर से बाबा हुजूर की बारगाह में चादर पेश कर मुल्क में अमन-ओ-सुकून तथा आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन की सफलता की दुआ की गई।

# हजरत मोहम्मद की शहादत की याद में सोमवार को नैनवां में 40वां मोहर्रम का जुलूस निकाला गया



बढ़ता राजस्थान

**नैनवा (टी.आर सैनी)।** हजरत मोहम्मद की शहादत की याद में सोमवार को नैनवां में 40वां मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। कस्बे के अम्बेडकर सर्किल पर कस्बे के विभिन्न मार्गो से आये आधे दर्जन ताजियो के साथ मोहर्रम का जुलूस शामिल हुआ। हर ताजिये के साथ कोटा, दीगोद, बडौदिया, कपासन, लाखेरी सहित अन्य स्थानो के अखाड़े शामिल रहे। इसके अलावा मातमी धूनो के लिए भी कई स्थानो से अखाड़े मोहर्रम में शामिल हुए। मोहर्रम का जुलूस देईपोल चूंगी नाका,अदालत सरिसर, भगत सिंह सर्किल से कनक सागर की पाल होता हुआ टोडापोल ईदगाह में पहुँचा जहां परम्परागत तरीके से ताजियो का ठण्डा किया जाने की रश्म अदा की गई। मोहर्रम के जूलस को देखने के लिए काफी तादात में महिलाए एंव पुरूष मौजूद रहे। जूलूस के दौरान अखाड़ा के कलाकारो ने अनुठा प्रदर्शन किया गया।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# यूक्रेन जंग खत्म कराना आसान नहीं : ट्रम्प

## जेलेंस्की बोले- रूस से जमीन की अदला-बदली नहीं करूंगा

बढ़ता राजस्थान



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात के लिए व्हाइट हाउस पहुंचे। ट्रम्प ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने यूक्रेन जंग से जुड़े सवालों के जवाब दिए। ट्रम्प ने कहा कि वे जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ मुलाकात के बाद पुतिन से फोन पर बात करेंगे।

ट्रम्प ने कहा कि पहले उन्हें लगता था कि यूक्रेन जंग खत्म कराना उनके लिए बहुत आसान होगा, लेकिन यह बहुत मुश्किल हो रहा है। ट्रम्प ने अपना पुराना बयान भी दोहराया कि जेलेंस्की चाहें तो जंग तुरंत रुक सकती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि नाटो सुरक्षा न मिलने के बावजूद वे यूक्रेन को बहुत अच्छी सिक्योरिटी देंगे। इस बीच जेलेंस्की ने फिर से कहा कि वे किसी भी हाल में रूस के साथ जमीन की अदला-बदली के लिए तैयार नहीं हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वे पुतिन के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं से भी मुलाकात की। इस मीटिंग में फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, फिनलैंड, इटली के लीडर्स के अलावा नाटो और यूरोपीय यूनियन के चीफ शामिल हैं।

# राजस्थान में अन्य सेवाओं से 4 अफसरों को आईएएस बनाया

## सीएमओ के डायरेक्टर स्टेटिस्टिक्स का नाम भी शामिल, चारों को नए सिरे से पोस्टिंग मिलेगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में अन्य सेवाओं से चार अफसरों को आईएएस बनाया गया है। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने गैर राज्य प्रशासनिक सेवाओं के चार अफसरों को आईएएस बनाने की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार डॉ नीतेश शर्मा, अमिता शर्मा, नरेंद्र कुमार मंघानी और नरेश कुमार गोयल को आईएएस बनाया है। डॉ नीतेश शर्मा सांख्यिकी सेवा और अमिता शर्मा लेखा सेवा की अफसर हैं।

चारों अफसरों को 2022 की वैकेंसी के तहत आईएएस बनाया गया है। पिछले महीने दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की बैठक में इन चारों अफसरों के चयन पर अंतिम मुहर लगाई गई थी। अब डीओपीटी ने अधिसूचना जारी कर दी है। इन अफसरों को अभी प्रोबेशन पर रखा जाएगा। इन्हें नए सिरे से पोस्टिंग दी जाएगी।



### सीएमओ के डायरेक्टर स्टेटिस्टिक्स का नाम भी शामिल

डॉ नीतीश शर्मा वर्तमान में मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में डायरेक्टर स्टेटिस्टिक्स के पद पर काम कर रहे हैं। सीएमओ से पहले डॉ नीतीश ने चीफ सेक्रेटरी ऑफिस में डायरेक्टर प्रोग्राम मॉनिटरिंग के पद पर 6 साल काम किया है।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का सफल आयोजन करें

# सुनिश्चित खेलों के विकास के लिए बजटीय घोषणाओं की समयबद्ध हो क्रियान्विति युवा मामले एवं खेल विभाग में रिक्त पदों पर की जाए भर्ती : मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को खेलों के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए गांवों से लेकर कस्बों तक श्रेष्ठ खेल सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने युवा मामले एवं खेल विभाग के अधिकारियों को खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्ट वातावरण तैयार करने के क्रम में बजटीय घोषणाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स - 2025 के सफल आयोजन के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में युवा मामले एवं खेल विभाग की बजट घोषणाओं और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स - 2025 की कार्ययोजना के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में प्रस्तावित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स - 2025 के आयोजन से प्रदेश में खेलों का वातावरण तैयार होगा। उन्होंने खेल विभाग को प्रदेशभर में खेल सुविधाओं के निरंतर विस्तार और आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

### सर्वोत्तम व्यवस्थाएं हो सुनिश्चित, विभाग परस्पर समन्वय के साथ करें कार्य

उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश-प्रदेश से हजारों प्रतिभाशाली खिलाड़ी शिरकत करेंगे। उनके आवास, आवागमन, भोजन सहित आवश्यक सुविधाओं की सर्वोत्तम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए खेलों का सफल आयोजन किया जाए। शर्मा ने स्थानीय निकायों, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करते हुए आवश्यक सेवाओं की समय से पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने इस आयोजन को राजधानी जयपुर के साथ ही अन्य जिलों में भी कराने की संभावनाओं पर विचार

### युवाओं की खेलों में अधिक से अधिक हो सहभागिता

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आयोजन की तैयारियों में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरती जाए और श्रेष्ठ सुझावों को समाहित करते हुए आयोजन की रूपरेखा बनाई जाए। इस संबंध में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पूर्व आयोजकों से भी संवाद करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने खेलों के आयोजन स्थलों के लिए ऐसे खेल मैदानों का चयन करने के लिए निर्देशित किया जहां खिलाड़ियों को श्रेष्ठ सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित गेम्स के सफल संचालन के लिए मोबाइल ऐप डिजाइन करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की खेलों में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए यथासंभव कदम उठाए जाएं।


### युवा मामले एवं खेल विभाग के रिक्त पदों पर भर्ती करने के निर्देश

उन्होंने प्रदेश में खेल अवसंरचना के उन्नयन पर विशेष जोर देते हुए इसे आधुनिक बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से पूर्व की समयावधि में प्रदेशभर में पंचायत स्तर तक खेलों का अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए। साथ ही, उपखण्ड एवं जिला स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन होना अति आवश्यक हैं। उन्होंने युवा मामले एवं खेल विभाग को खेल प्रशिक्षक सहित अन्य रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि राज्य में विभिन्न खेलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट की अवधारणा के तहत प्रत्येक जिले में एक खेल को विशेष रूप से बढ़ावा देने का फैसला किया है। इससे प्रदेश में अलग-अलग खेलों में बेहतरीन खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे।

# बाबा रामदेव बोले-मुसलमान मजदूरी का 6% हिस्सा दान करता है

## हम लोग 1% भी काटने पर कहते हैं, महाराज हम तो पहले ही गरीब हैं

बढ़ता राजस्थान



**सीकर (नि.स.)।** योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा- मुसलमान अब टेक्निकल काम करने लग गए हैं। मुसलमान की मजदूरी अब 500 से 1 हजार रुपए हो गई है। एक सौ और एक हजार रुपए कमाने वाला हर मुसलमान उस मजदूरी से 6% हिस्सा पहले ही निकाल लेता है। वह कहता है कि इस पर मेरा अधिकार नहीं है। वह मदरसे-मस्जिद में जकात देता है। बाबा रामदेव ने कहा- और हम लोग 1 प्रतिशत काटने पर भी कहते हैं महाराज हम तो पहले ही गरीब हैं। उन्होंने कहा- जो दान नहीं देते हैं वो गरीब के गरीब ही रहेंगे, शास्त्र में लिखा है। जो अमीर दान नहीं करते हैं वो गरीब होने वाले हैं। बाबा रामदेव ने सीकर के रैवासा धाम में चल रहे 9 दिवसीय सियपिय मिलन महोत्सव में ये बात कही। बाबा रामदेव ने रैवासा धाम के पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य का हवाला देते हुए कहा- जो कोई ब्राह्मण बीड़ी, सिगरेट, शराब पीता है। तो वह गांव का सूअर बनकर पैदा होता है। यह बात महाराज जी ने कह दी तो बखेड़ा नहीं हुआ। अगर हमारे जैसे कोई कह देते तो हमारे पुतले जल जाते।

### मां एक-दो रुपए मंदिर में दान देने के लिए देती थी

रामदेव ने कहा- मैंने बचपन में 500 रुपए के कभी दर्शन नहीं किए। हमें टॉफी खाने के लिए 10 पैसे मिला करते थे। दीपावली के त्योहार पर मां 2 रुपए दिया करती थी, जिससे मुर्गा छाप पटाखे लाकर फोड़ते थे। हम 2 रुपए में ही दीवाली मना लेते थे, लेकिन मंदिर में दान देने के लिए मेरी मां मुझे एक-दो रुपए देकर भेजती थी। उन्होंने कहा- हमारे घर में खाने से पहले पहले, पहली रोटी गाय की बनती थी। हमें भले ही पैसे न मिले हो, लेकिन अच्छे संस्कार जरूर मिले हैं।

# तेजप्रताप की नई पार्टी- जनशक्ति जनता दल

## 2024 में बनाई थी, बांसुरी चिन्ह था; लालू के बड़े बेटे इसी से बिहार चुनाव लड़ेंगे

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव जनशक्ति जनता दल से बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। तेजप्रताप के करीबी बालेंद्र दास ने 2024 में यह पार्टी बनाकर लोकसभा चुनाव लड़ा था। तब उनका चुनाव चिन्ह बांसुरी था। बालेंद्र दास अध्यक्ष और प्रशांत प्रताप राष्ट्रीय महासचिव थे। सोमवार को जनशक्ति जनता दल को चुनाव आयोग से मान्यता मिल गई है। तेजप्रताप यादव चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचे और 30 मिनट तक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से बात की। चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि इस पार्टी को तेजप्रताप ने अपने नाम पर रजिस्टर करा लिया है।

### 26 जुलाई को महुआ से लड़ने का ऐलान किया

तेजप्रताप यादव ने 26 जुलाई को महुआ सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। तेजप्रताप यादव ने कहा था, टीम तेज प्रताप एक प्लेटफॉर्म है। हमारी टीम चुनाव में भी सभी को सपोर्ट करेगी, जो युवा पीढ़ी है, लड़ना चाहेगी, उन सबको सपोर्ट किया



जाएगा। पूरी उम्मीद है कि चाचा इस बार सीएम नहीं बनेंगे। जो युवा, शिक्षा, रोजगार स्वास्थ्य सेवा की बात करेगा, वही सरकार बनाएगा। तेजप्रताप यादव ने कहा था, महुआ से चुनाव लड़ेंगे यह हम पहले ही बोल चुके हैं। जो विरोधी हैं, उनको खुजली चालू हो गई है। ऐसे लोग गाल खुजलाते रहेंगे। महुआ से अभी आरजेडी के मुकेश कुमार विधायक हैं। उन्होंने 2020 के चुनाव में जेडीयू की आशमा परवीन को 13687 वोटों से हराया था।

### हिमाचल विधानसभा मानसून सत्र

# जयराम बोले- सरकार ने आपदा प्रभावितों को भेजा राशन; कांग्रेस नेता के घर गया, सीएम ने जांच का भरोसा दिया

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। सत्र के पहले ही दिन नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सत्तापक्ष को घेरते हुए कहा, सराज विधानसभा में सरकार ने आपदा प्रभावितों को जो राशन भेजा, वह एक कांग्रेस नेता के घर गया है। जयराम ने कहा, 30 जून की रात को जान-माल दोनों का भारी नुकसान हुआ। एक ही रात में 42 लोग की जान गई। इनमें 31 लोग अकेले सराज विधानसभा के है। उन्होंने कहा, अभी तक भी सड़कें बहाल




नहीं हो पाई। सरकार को दोष देने की बजाय काम करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, सराज में ही 1000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ और सरकार ने 2 करोड़ रुपए दिए।

# गहलोत बोले- चुनाव आयोग पक्षपाती, उसकी भाजपा से सांठगांठ

### अनुराग ठाकुर ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए,आयोग ने उनसे शपथ-पत्र नहीं मांगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसकी निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने एक्स पर लिखा- राहुल गांधी एक संवैधानिक पद पर हैं। उन्होंने पूरी जिम्मेदारी से सबूतों के साथ चुनाव आयोग पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए। चुनाव आयोग ने अपनी गलती स्वीकार करने की बजाय उनसे शपथ पत्र मांगा।



**अखिलेश यादव ने 18 हजार शपथ-पत्र सहित शिकायतों को सार्वजनिक किया-** गहलोत ने लिखा- एक तरफ चुनाव आयोग राहुल गांधी से शपथ पत्र मांग रहा है। वहीं, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग को शपथ पत्र के साथ की गईं 18,000 शिकायतों और इनकी पावती (रिसीविंग) को सार्वजनिक किया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# डोटासरा बोले-चुनाव आयोग बीजेपी का एजेंट बन गया... आयुक्त की स्थिति भी पूर्व उपराष्ट्रपति वाली न हो...

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी का एजेंट बन गया है। चुनाव आयोग संविधान द्वारा स्थापित एक संस्था है, जिसका मुख्य कार्य निष्पक्ष चुनाव कराना है। बीजेपी चुनाव आयोग की प्रवक्ता बनी हुई है। चुनाव आयोग बीजेपी का एजेंट बना हुआ है। अगर ऐसे चलेगा तो लोकतंत्र कैसे रहेगा। संविधान की रक्षा कौन करेगा। डोटासरा ने जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा- श्वष्ट हमारे हिंदुस्तान के संविधान से बनी हुई बॉडी है। जो निष्पक्ष रूप से चुनाव कराने का काम होता है। सही वोटर लिस्ट के साथ ईमानदारी के साथ चुनाव करवाए। यह उनकी ड्यूटी में आता है। वह अपनी ड्यूटी पूरी नहीं कर रहे हैं। इसलिए वह पूरी तरीके से एक्सपोज हो चुके हैं।

### डोटासरा का अनुराग ठाकुर पर तंज

उन्होंने राहुल गांधी के बयान का समर्थन करते हुए कहा- वोटों की चोरी का मामला सामने आया है। जब भाजपा नेता अनुराग ठाकुर वोट चोरी का आरोप लगाते हैं तो उनसे कोई सवाल नहीं किया जाता। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की



वह शपथ पत्र दें कि ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। मंच से संबोधित करते हुए डोटासरा ने कहा- पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक बारे में और जो शुरू से लेकर आखिरी तक आप जानकारी संग्रह कीजिए और संग्रह करके उसको एक रिकॉर्ड में इतिहास के पन्नों में दर्ज रहे। एक बुक के माध्यम से किताबों के माध्यम से हम सबको इस बात को आगे बढ़ना चाहिए। हम लोग हमारे आने वाली पीढ़ी में अगर हम लोग उसको उतारने में सक्सेस हो गए तो ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मंच से संबोधित करते हुए डोटासरा ने कहा- पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक बारे में और जो शुरू से लेकर आखिरी तक आप जानकारी संग्रह कीजिए और संग्रह करके उसको एक रिकॉर्ड में इतिहास के पन्नों में दर्ज रहे। एक बुक के माध्यम से किताबों के माध्यम से हम सबको इस बात को आगे बढ़ना चाहिए। हम लोग हमारे आने वाली पीढ़ी में अगर हम लोग उसको उतारने में सक्सेस हो गए तो ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### राजस्थान में वोट चोरी के विरोध में बड़ी रैली का ऐलान

गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- वोट चोरी के विरोध में राजस्थान में एक बड़ी रैली आयोजित की जाएगी। इसमें केंद्रीय नेता भी शामिल होंगे। अभी रैली की तारीख और स्थान तय नहीं किया गया है। साथ ही एक महीने तक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा।

### महिलाओं की फोटो को लेकर बीजेपी के पर तंज

डोटासरा बोले- लाखों की संख्या में हस्ताक्षर करके राष्ट्रपति को भेजेंगे। उनकी तानाशाही गुंडागर्दी नहीं चलेगी। जो सत्ता इन्होंने वोट चोरी करके ली है। उसकी जवाबदेह तय की जाएगी। राहुल गांधी ने पॉइंट बताए हैं, जो गलतियां बताई हैं। जो फर्जी वोटिंग बताई है। उसके बारे में सफाई देनी चाहिए। वह तो ऐसे कह रहे हैं की बहन बेटियों की फोटो नहीं दे सकते।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार